दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली।। रविवार 01 सितम्बर -2024 | वर्ष : 8 अंक : 322 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## प्रधानमंत्री ने 3 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

### ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में कनेक्टिविटी बढ़ाएंगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (31 अगस्त) को 3 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इवेंट में शामिल हुए। ये तीनों ट्रेनें चेन्नई से नागरकोइल, मदुरै से बेंगलुरु और मेरठ से लखनऊ के बीच चलेंगी।

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा- वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज हर रूट पर वंदे भारत की डिमांड है। देशभर में अब 102 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 3 करोड़ से ज्यादा लोग इन ट्रेनों से यात्रा कर चुके हैं।

वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत पहली बार 15 फरवरी 2019 को मेक इन इंडिया स्कीम के तहत की गई थी। इस समय देश में 100 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। वंदे भारत ट्रेनों का रूट देश के 280 से अधिक जिलों को आपस में जोड़ रही हैं। रेल मंत्रालय ने कहा- नई ट्रेन स्वदेशी टेक्नोलॉजी से लैस।

वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन से पहले रेल मंत्रालय ने कहा, ह्यनई वंदे भारत




### देश में अब 102 वंदे भारत ट्रेनें हुई

ट्रेनें क्षेत्र के लोगों को स्पीड और आरामदायक यात्रा के साथ वर्ल्ड क्लास ट्रेन का अनुभव भी देंगी। यह ट्रेन स्वदेशी टेक्नोलॉजी से बनी है। इसमें कवच टेक्नोलॉजी, 360 डिग्री घूमने वाली कुर्सियां, दिव्यांगजनों की जरूरत के अनुकूल शौचालय और इंटीग्रेटेड ब्रेल साइनेज लगे हैं ह्ल

### 2 ट्रेनों का टाइमटेबल और शेड्यूल जारी

चेन्नई-नागरकोइल और मदुरै-बेंगलुरु के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का टाइमटेबल और शेड्यूल जारी हो गया है। चेन्नई-नागरकोइल ट्रेन को केवल उद्घाटन के दिन डॉ टक्षफ़्चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से हरी झंडी दिखाई गई, लेकिन यह ट्रेन बुधवार को छोड़कर रोजाना चेन्नई एग्मोर से ही चला करेगी। इस ट्रेन में 16 कोच शामिल होंगे। वहीं, लखनऊ से मेरठ जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रोजाना चलेगी। इस ट्रेन का टाइमटेबल और शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। इस ट्रेन में चेयरकार का किराया लगभग 1500 रुपये रहने की उम्मीद है।

## क्या शहर उपचुनाव में अधिसूचना जारी होने से पहले हो गई है इस बात की मुनादी

### सदर सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने जा रहा है कोई चेहरा पंजाबी !

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में इशारे होते हैं, सियासत में चर्चाएं होती हैं और मामला जब चुनाव के पर्चा भरने का हो तो चर्चा जोर शोर से होती है। शहर विधानसभा सीट रिक्त हुई है और इस पर उपचुनाव होना है। दावेदारी सभी दलों में चल रही है लेकिन जोर शोर से दावेदारी का मेला भाजपा में चल रहा है। कोई लखनऊ में डेरा डाले बैठा है तो किसी ने दिल्ली परिक्रमा बढ़ा दी है। किसी को जनरली आशीर्वाद प्राप्त है तो किसी को ये तसल्ली है कि संघ उसके संग है। इन सबके बीच एक चर्चा तेजी से शहर विधानसभा क्षेत्र में चल रही है और वो ये है कि इस बार इस सीट पर टिकट पंजाबी समाज के एक चेहरे को मिलने जा रहा है। चुनाव का माहौल है तो चर्चाएं भी चलेंगी और पर्चा भरने तक ये दौर जारी रहेगा। वैसे तो हर चुनाव में पंजाबी समाज टिकट की मांग करता है लिहाजा इस बार भी अगर मांग हो रही है तो कोई नई बात नहीं है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि पुराने सालों में बात और थी और इस साल बात और है। सूत्र बता रहे हैं कि पंजाबी समाज की दावेदारी पर गंभीरता से मंथन हो रहा है। सियासत के सहयोगी दल रालोद से भी मांग पंजाबी समाज के टिकट को लेकर हुई है। रालोद वालों ने भी पंजाबी समाज को टिकट देने की मांग की है। ऐसे में ये भी माना जा रहा है कि भले ही रालोद वालों का टिकट हो या ना हो लेकिन उन्होंने पंजाबी समाज के लिए एक माहौल जरूर बना दिया है। बताया जाता है कि अब ये एक माहौल अंदरखाने भाजपा में चल गया है कि अधिसूचना कभी भी जारी हो लेकिन ये सूचना आ चुकी है कि शहर सीट पर भाजपा के टिकट पर कोई पंजाबी भाजपाई चुनाव लड़ने जा रहा है। हालांकि अभी अधिसूचना जारी होनी है अभी पार्टी की कोर कमेटी की बैठक होनी है और संगठन को फैसला लेना है। लेकिन भाजपा में तेजी से इस चर्चा ने जोर पकड़ लिया है कि उपचुनाव में भाजपा पंजाबी समाज के किसी भाजपाई को चुनावी टिकट थमाने जा रही है।



### वरिष्ठता को मिलेगी वरियता या किसी यूथ चेहरे का भी आयेगा नंबर

**करंट क्राइम।** पंजाबी समाज की दावेदारी शहर सीट पर मजबूत मानी जा रही है। ये माहौल बनाया जा रहा है कि भले ही पंजाबी समाज की वोटें कम हैं लेकिन पंजाबी समाज हमेशा से भाजपा के साथ रहा है। पंजाबी समाज को परम्परागत रूप से भाजपा का वोटर और सपोर्टर माना जाता है। पंजाबी समाज के नेता भाजपा में गाजियाबाद में एक्टिव हैं। लिहाजा ऐसे में उपचुनाव में पंजाबी समाज को मौका दिया जाना चाहिए। पंजाबी समाज का टिकट कन्फर्म माना जा रहा है और अब चर्चा इस बात को लेकर है कि क्या टिकट के समय भाजपा के वरिष्ठ भाजपाई चेहरे को मौका मिलेगा। या फिर किसी यूथ पंजाबी चेहरे का भी नंबर आयेगा। यदि वरिष्ठता को मौका मिलता है तो कौन सा वो चेहरा है जिस पर संगठन भरोसा जतायेगा।

## गाजियाबाद में नहीं थम रहे छेडछाड़ के मामले, मोदीनगर में लोगों ने घेरा थाना पुलिस पर लगाया कार्रवाई न करने का अरोप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की गोविंदपुरी कॉलोनी में 14 साल की छात्रा के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग हिन्दू संगठनों ने की। कार्यकताओं ने मोदीनगर थाने पर प्रदर्शन किया है। उनकी मांग है कि आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए। फरार आरोपियों का एनकाउंटर हो। मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसीपी को दिया है।





### पीड़ित परिवार पर समझौता करने का बना रहे दबाव

हिन्दू जागरण मंच व बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर शनिवार शाम को मोदीनगर थाने पहुंचे। उनका आरोप है कि 14 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी खुलेआम घूम रहे है। आरोपी पीड़ित परिवार पर समझौता करने का दबाव बना रहे है। समझौता न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की भी धमकी दे रहे है।

### पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

कार्यकर्ता इसके बाद वह थाना प्रभारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता पंकज कंसल व बजरंग दल के जिला सह संयोजक मधुर नेहरा ने कहा कि पुलिस आरोपियों को बचाने का काम कर रही है।

### आरोपियों के घर पर चले बुलडोजर

उनका आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को मामूली धाराओं में जेल भेजा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आरोपियों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलाया और गिरफ्तार नहीं किया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। हंगामा बढ़ता देखकर एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय मौके पर पहुंचे। जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इस संबंध में लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसीपी को दिया।

## पुलिस परीक्षा के आखिरी दिन नंदग्राम सेंटर से पकड़ा गया संदिग्ध अभ्यर्थी

### मिले दो आधार कार्ड और बिहार व सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल मार्कशीट



### नंदग्राम पुलिस ने लिखा मुकदमा भेजा जाएगा जेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही परीक्षा का 31 अगस्त शनिवार को आखिरी दिन रहा। परीक्षा के आखिरी दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन के अंतर्गत द्वितीय पारी में राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम सेंटर से एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभ्यर्थी का नाम वरुण ठाकुर नाम से परीक्षा देने आया था। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि बायोमेट्रिक अलर्ट पाए जाने पर जब उसके डॉक्यूमेंट चेक किए गए ,तो पाया गया कि एक ही आधार नंबर के उसके पास दो आधार कार्ड हैं। जिसमें एक पर नाम ऋषि रंजन जन्म तिथि 27.1 1996 और दूसरे पर वरुण कुमार जन्मतिथि 04.03.2004 पाया गया। इसी प्रकार उसने वर्ष 2012 में ऋषि रंजन नाम से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण की हुई थी। साथ ही वर्ष 2021 में वरुण ठाकुर नाम से पुनः बिहार परीक्षा समिति से हाई स्कूल की परीक्षा पास की अभ्यर्थी द्वारा फर्जी ढंग से परीक्षा देने का प्रयास किया गया। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर के आधार पर नंदग्राम थाना में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने इसके खिलाफ विधि कार्रवाई शुरू की है।



### परीक्षा सेंटरों पर आखिरी दिन चौकस रही सुरक्षा

**करंट क्राइम।** शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा का आखिरी दिन रहा। इस दिन डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार के साथ ही अलग-अलग डीसीपी ने अपने क्षेत्र में परीक्षा सेंटरों की जांच की। इसके साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारियों ने अपने सर्किल में आने वाले सेंटर पर अभ्यर्थियों के जूते उतरवाने से लेकर कपड़ों के भीतर की भी जांच करवाई है। गाजियाबाद में 20 केंद्रों पर ये परीक्षा चली। इसमें प्रत्येक पाली में करीब 8500 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। जिसमें प्रत्येक परीक्षार्थी की मेटल डिटेक्टर मशीन से चेकिंग की गई। उनके जूते उतरवाए गए। वहीं बालों की भी तलाशी हुई। महिला अभ्यर्थियों के ज्वैलरी आइटम भी केंद्र के गेट पर ही उतरवाए गए। ।इसके बाद ही सभी को केंद्र में एंट्री मिली।



### हर सेंटर पर रहे स्टेटिक मजिस्ट्रेट

**करंट क्राइम।** एडीएम (प्रशासन) रणविजय सिंह ने बताया- परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती हुई है। हर केंद्र पर 12-12 पुलिसकर्मी भी लगाए गए हैं। केंद्र प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर को लगाया गया है। इसके अलावा अन्य अधिकारी लगातार केंद्रों का भ्रमण कर रहे हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक कंट्रोल रूम बना है। यहां सीसीटीवी के जरिये कमरों में परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों पर नजर रखी जा रही है।

## नदिया पार की ये खबर कर देगी भाजपा संगठन को भी हैरान

### मंडल वालों ने ले ली व्यापार मंडल की सदस्यता बिफोर भाजपा सदस्यता अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा को गाजियाबाद की लोकसभा में सबसे बड़ा जनादेश साहिबाबाद से मिलता है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी जीत भाजपा को यहीं से प्राप्त हुई है। भाजपा अपना कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम यानी सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इसके लिए बाकायदा कार्यशाला लगायी जा रही हैं। मंडलों में कार्यक्रम हो रहे हैं और इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि अधिक से अधिक सदस्य बनाये जाने हैं। पार्षदों को एक हजार मिस्डकॉल का टारगेट दिया गया है। बैठकों में लक्ष्य तय हो रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ी विधानसभा से भाजपा के लिए ये खबर हैरान कर देने वाली है कि जब भाजपा को अपने कुनबे में व्यापारी जोड़ने हैं तब व्यापार मंडल वालों ने भाजपा वालों को ही अपने व्यापार मंडल में जोड़ लिया। मामला इन्दिरापुरम का बताया जाता है और यहां पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमवीर यादव है। जबकि इन्दिरापुरम के भाजपा मंडल में अजय शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष हैं। उमाशंकर तोमर महामंत्री रहे हैं। दिनेश सिंह उपाध्यक्ष रहे हैं। संजीव शर्मा इन्दिरापुरम मंडल भाजपा के मंडल मंत्री रहे हैं। भाजपा के वार्ड अध्यक्ष अनिल मेंहदीरत्ता हैं। ये सभी भाजपाई हैं और इन्हें भाजपा के सदस्य अभियान में भी जुटना है। लेकिन शनिवार को सदस्यता अभियान से पहले ही भाजपाईयों को व्यापार मंडल वालों ने अपने व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण करा दी। इन्दिरापुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमबीर यादव ने इन्दिरापुरम मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला, पूर्व महामंत्री उमाशंकर तोमर, पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, पूर्व मंडल मंत्री संजीव शर्मा, वार्ड अध्यक्ष अनिल मेंहदीरत्ता को व्यापार मंडल से जोड़ लिया। बाकायदा सबके गले में माला पहनाई गई और उन्हें व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण करायी गई। सभी भाजपाईयों को व्यापार मंडल से जुड़ने पर व्यापार मंडल का सदस्य बनने पर स्वागत भी किया गया। बताया जाता है कि भाजपा के इन मंडल पदाधिकारी रहे चेहरों को व्यापार मंडल में कोई पद नहीं दिया गया है और कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। बस व्यापार मंडल की सदस्यता दी गई है। इन्दिरापुरम के भाजपाई व्यापार मंडल वालों को सदस्य बनाते उससे पहले ही इन्दिरापुरम के व्यापार मंडल वालों ने इन्दिरापुरम के मंडल भाजपाईयों को व्यापार मंडल से जोड़ लिया। सदस्यता का ये किस्सा पूरे मंडल में गूंज रहा है।



# महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून मौजूद: पीएम

## जिला अदालतों की कॉन्फ्रेंस में कहा- फैसले जितनी जल्दी आएंगे, भरोसा उतना ज्यादा बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में आज जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की थी। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटर्स का प्रावधान है। इसमें भी डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका अहम है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डट और रढ शामिल होते हैं। इन कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही अधिक आश्वासन मिलेगा। कॉन्फ्रेंस में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल शामिल हुए। न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 सालों में देश ने ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 सालों में ही हुआ है। हमारे क्रिमिनल लॉ शासक और गुलाम वाली कोलोनियल सोच से आजाद हुए



हैं। पिछले 10 सालों में अदालतों के आधुनिकीकरण के लिए मिशन स्तर पर काम किया जा रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज का कार्यक्रम भी इसका उदाहरण है। अगले दो दिनों में लंबित मामलों के प्रबंधन, मानव संसाधन और कानूनी बिरादरी की बेहतरी समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसमें 'न्यायिक कल्याण' पर एक सत्र भी शामिल किया गया है।

पीएम ने सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने के मौके पर डाक टिकट और सिक्के का अनावरण किया। पीएम ने सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने के मौके पर डाक टिकट और सिक्के का अनावरण किया। ममता ने सख्त कानून की मांग की थी दरअसल, कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद पश्चिम बंगाल सरकार केंद्र से महिलाओं पर अपराध के लिए खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग कर रही है। इसे लेकर उट ममता ने 22 अगस्त और 30 अगस्त को ढट को दो चिट्ठी भी लिखी थी। मोदी ने कहा- लोगों ने हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया पीएम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट के 75 साल, केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है- भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है- एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर कभी अविश्वास नहीं किया।




### सीजेआई की अध्यक्षता में दो दिनों तक चलेगी कॉन्फ्रेंस

जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस दो दिनों तक चलेगी। सुप्रीम कोर्ट इसका आयोजन कर रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला अदालतों से 800 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में 5 सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पहले दिन अदालतों के इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन को बढ़ाने के तरीकों की खोज पर चर्चा होगी। जजों की सुरक्षा और कल्याणकारी पहलुओं पर भी विचार-विमर्श होगा।

# वंदे भारत से लखनऊ जाकर अपनी रेल यात्रा का वनवास समाप्त करूंगा : अरुण गोविल

**मेरठ।** शनिवार को मेरठ से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर भाजपा सांसद अरुण गोविल भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के दिन, 200 स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को निशुल्क यात्रा का मौका दिया गया। ट्रेन ने प्लेटफार्म नंबर एक से दोपहर 12:55 बजे अपनी यात्रा शुरू की। इस ट्रेन की नियमित सेवा रविवार से शुरू होगी, और मेरठ से यह सुबह 6:35 बजे लखनऊ के लिए रवाना होगी। मंगलवार को इस ट्रेन का संचालन नहीं होगा। भाजपा सांसद अरुण गोविल ने कहा, आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। मेरठ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री से मिला यह तोहफा बहुत सराहनीय है। इससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। मैं इस ट्रेन से लखनऊ जाकर अपनी रेल यात्रा के लंबे वनवास को समाप्त करूंगा। बता दें कि प्रधानमंत्री के हरी झंडी दिखाने से पहले रेलवे ने ट्रेन का शेड्यूल और किराया जारी कर दिया। एक सितंबर से ट्रेन संख्या 22489 लखनऊ से दोपहर 2:45 बजे रवाना होगी। बरेली और मुरादाबाद में इसका ठहराव होगा। यह ट्रेन 458.86 किलोमीटर की दूरी को सवा सात घंटे में तय कर रात 10 बजे मेरठ सिटी स्टेशन पहुंचेगी। वहीं, मेरठ-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन संख्या 22490 मेरठ से सुबह 6:35 बजे लखनऊ के लिए रवाना होगी। मुरादाबाद और बरेली में इसका ठहराव रहेगा, जिसमें मुरादाबाद में पांच मिनट और बरेली में दो मिनट का ठहराव होगा। लखनऊ में ट्रेन दोपहर 1:45 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में 8 एसी चेयर कार बोगी होंगी, और यात्री सामान्य चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास दोनों में यात्रा कर सकेंगे। बता दें, शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 नई वंदे भारत ट्रेनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें चेन्नई से नागरकोइल, मदुरै से बेंगलुरु और मेरठ से लखनऊ के बीच चलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लवंदे भारत आधुनिक होते रेलवे का नया चेहरा है। आज हर रूट पर वंदे भारत की डिमांड है। पूरे देश में कुल 102 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। अब तक 3 करोड़ से ज्यादा लोग इन ट्रेनों से यात्रा कर चुके हैं।




## न्यूज डायरी

### सितंबर में अमेरिका के दौर पर जाएंगे राहुल गांधी, सैम पित्रोदा ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सितंबर में अमेरिका के एक छोटे दौर पर जाएंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने इसकी जानकारी दी। राहुल का यह दौरा सितंबर के दूसरे हफ्ते में होगा। इस दौरान वह भारतीय प्रवासी, शिक्षाविद, बिजनसमैन, लीडर्स, मीडिया, टेक्नोक्रेट्स और अन्य कई व्यक्तियों के साथ बातचीत करेंगे। यह नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का पहला दौरा है। सैम पित्रोदा ने एक वीडियो के जरिए राहुल गांधी के दौरे के बारे में बताया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बन चुके हैं। इंडियन ओवरसीज



कांग्रेस की उपस्थिति 32 देशों में है। राहुल गांधी के साथ बातचीत के लिए राजनयिक, भारतीय प्रवासी, शिक्षाविद, व्यवसायी, नेता, मीडिया और कई अन्य व्यक्तियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने आगे कहा, अब वह अमेरिका के बहुत ही छोटे दौरे पर आ रहे हैं। वह 8 सितंबर को डलास में, 9 और 10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी में होंगे। डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षाविदों और समुदाय के लोगों के साथ मिलेंगे। हम तकनीकी विशेषज्ञों के साथ एक बड़ी सामुदायिक सभा करेंगे और डलास के लीडर्स के साथ रात्रिभोज करेंगे। अगले दिन हम वाशिंगटन डीसी जाएंगे, जहां हम थिंक टैंक, नेशनल प्रेस क्लब सहित लोगों के साथ इसी तरह की बातचीत की योजना बनाएंगे। सैम पित्रोदा ने बताया, कई तरह के लोगों के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे क्योंकि हमने देखा है कि लोगों को उन राज्यों में भी रुचि है जो हम कांग्रेस सरकार के साथ चलाते हैं, विशेषकर बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, गुरुग्राम में। ये वास्तव में देश के व्यावसायिक शहर हैं, जिनका प्रौद्योगिकी पर बहुत ध्यान है। इसलिए हम व्यापार और प्रौद्योगिकी समुदाय में बहुत रुचि देखते हैं। हम एक बहुत ही सफल यात्रा की उम्मीद करते हैं और राहुल गांधी का स्वागत करते हैं। मालूम हो कि, राहुल गांधी साल 2023 जून में भी अमेरिका की यात्रा पर जा चुके हैं। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय छात्रों के साथ बातचीत करने के अलावा प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। उसी साल मार्च में राहुल गांधी ब्रिटेन के दौरे पर गए थे।

### दिल्ली को मिले नए मुख्य सचिव, धर्मेंद्र संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए मुख्य सचिव के रूप में धर्मेंद्र की नियुक्ति की गई है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र अपने लंबे और सफल कार्यकाल के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। धर्मेंद्र की प्रशासनिक क्षमता और नेतृत्व कौशल ने उन्हें देश के शीर्ष प्रशासकों में से एक बना दिया। वह 1 सितंबर से दिल्ली के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वो वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार की जगह लेंगे। केंद्र सरकार ने



धर्मेंद्र की नियुक्ति के लिए औपचारिक आदेश जारी किया है। वे वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में तैनात हैं। उनकी नियुक्ति दिल्ली सरकार में एक नए अध्याय की शुरूआत करेगी। केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आईएएस धर्मेंद्र को अरुणाचल प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित किया जाता है। 1 सितंबर से वह नए मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। बता दें कि दिल्ली के नए मुख्य सचिव के लिए एजीएमयूटी कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मेंद्र का नाम सबसे आगे चल रहा था।

# पीएम मोदी के माफी मांगने पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने पूछा, इतनी घटिया मूर्ति क्यों बनाई?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माफी मांगने को लेकर कहा कि पीएम ने इसका अनावरण किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर मूर्ति इतनी घटिया क्यों बनाई गई?

कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, प्रधानमंत्री की ना ही नींव दुरस्त है और ना ही नीयत। यह दुखद है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस मूर्ति का अनावरण किया, उसमें भ्रष्टाचार हुआ। इस वजह से वह ढह गई। उन्होंने प्रधानमंत्री के माफी मांगने पर कहा, आखिर आप माफी मांग किससे रहे हैं? क्या उनके समर्थकों से? लेकिन, शायद आपको यह नहीं पता है कि शिवाजी को कट्टर समर्थक अगर कोई था, तो वो बाल ठाकरे थे। आपने उनके परिवार के दो टुकड़े कर दिए। प्रधानमंत्री तो हमेशा से यही करते आए हैं, इससे स्पष्ट है कि ना ही उनकी नींव दुरुस्त है और ना ही नीयत। मूर्ति ढहने के लिए जितना ज्यादा आपका मुख्यमंत्री जिम्मेदार है, उससे कहीं ज्यादा आप। बता दें कि 30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं



का उद्घाटन करते वक्त सिंधुदुर्ग में शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के मामले में माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, मैं आज सिर झुकाकर अपने आराध्य देव शिवाजी महाराज से माफी मांगता हूं। उनके चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। हमारे संस्कार अलग हैं। हम वे लोग नहीं हैं, जो महान वीर सपूत वीर सावरकर को गाली देते हैं। इस घटना से शिवाजी को आराध्य देव मानने वाले लोगों के दिलों पर चोट पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं। वे हमारे लिए आराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, उसके लिए मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। उन्होंने बताया कि भाजपा ने पहली बार जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने का फैसला किया था, तो उन्होंने सबसे पहली बार रायगढ़ आकर शिवाजी महाराज की समाधि पर प्रार्थना की थी।

बता दें कि बीते दिनों महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी महाराज की मूर्ति ढह गई। पिछले साल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया था। मूर्ति ढहने के बाद नौ सेना ने कहा था कि हम इसकी जांच कराएंगे और जहां कहीं भी चूक पाई जाएगी, तो उसे दुरुस्त करने के लिए कदम उठाएंगे।

उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि मूर्ति का निर्माण नौसेना की ओर से कराया गया था। मुझे इस संबंध में जिलाधिकारी से जानकारी मिली है। हम इसकी जांच कराएंगे और जहां कहीं भी चूक मिलेगी, उसे दुरुस्त करने की दिशा में कदम उठाएंगे, लेकिन इन सबके बावजूद विपक्ष का हमला जारी रहा।

शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के बाद विपक्ष ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा था कि इसे बनाने में घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया गया। उधर, विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफे की भी मांग की। इसके बाद, राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए समिति का भी गठन किया। समिति मामले की जांच कर रही है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने बयान जारी कर कहा था कि तेज हवाओं की वजह से शिवाजी महाराज की मूर्ति ध्वस्त हुई है, लेकिन विपक्षी दलों का आरोप है कि इसमें भ्रष्टाचार किया गया है, इसी के चलते यह घटना हुई। इसे लेकर राज्य के लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने पीएम मोदी को काले झंडे भी दिखाए।

# यूपी में 28 चकबंदी अधिकारियों पर गिरी गाज, भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर आठ मंडल के दो दर्जन से अधिक चकबंदी अधिकारियों पर गाज गिरी है। इसमें 13 बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के खिलाफ निलंबन, जवाब-तलब और अनुशासनिक कार्रवाई की गयी है। वहीं एक उप संचालक चकबंदी अधिकारी को पद से हटाने के निर्देश दिये गये हैं, जबकि एक उप संचालक चकबंदी अधिकारी से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इसी तरह एक चकबंदी अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई, एक सहायक चकबंदी अधिकारी का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके अलावा तीन सहायक चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी है।

इतना ही नहीं, एक सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा सेवाकाल में अनियमितता पर पेंशन में 20 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके अलावा कई अन्य के खिलाफ



भी कड़ी कार्रवाई की गई है। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि हाल ही में समीक्षा बैठक में कई अधिकारियों के काम में लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार में लिप्त गतिविधियां पायी गई थीं। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी गयी, जिस पर सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आठ मंडल -- प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या और देवीपाटन के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें बरेली, हरदोई, ललितपुर, उन्नाव, चित्रकूट और जौनपुर के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह, श्रीप्रकाश चंद्र उत्तम, राकेश कुमार, सुरेश कुमार सागर, मनोहर लाल और स्वतंत्र वीर सिंह यादव को चकबंदी कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर जवाब तलब किया गया है।

वहीं प्रतापगढ़ के उप संचालक चकबन्दी/मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता को पर्यवेक्षणीय दायित्व का निर्वहन न करने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है, जबकि गोरखपुर के उप संचालक चकबन्दी अधिकारी राज नारायण त्रिपाठी को कार्य की प्रगति संबंधी सूचना न देने पर पद से हटाने के लिए नियुक्ति विभाग को पत्र लिखा गया है। वहीं सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी रमेश पाल सिंह राणा द्वारा सेवाकाल में अनियमितता पर पेंशन में 20 प्रतिशत कटौती करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### पलक्कड़ में आरएसएस की बैठक से पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिले जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा में शीर्ष स्तर पर पहली बार एक बड़ी और महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। केरल के पलक्कड़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक के शुरू होने से पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सरसंघचालक मोहन भागवत से मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। संघ के एक वरिष्ठ नेता ने मोहन भागवत और जेपी नड्डा की मुलाकात के बारे में आईएएनएस से कहा, बैठक में आए हैं तो मिलना-जुलना तो होगा ही। दरअसल, लोकसभा चुनाव के समय संघ को लेकर जेपी नड्डा द्वारा दिया गया एक बयान काफी चर्चा में रहा था। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद विभिन्न मुद्दों पर संघ नेताओं के जिस तरह से बयान आ रहे थे, उसे लेकर भी कई तरह की चर्चाएं हो रही



थी। वहीं भाजपा में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की भी जोर-शोर से तलाश की जा रही है। इन तमाम चर्चाओं के बीच मोहन भागवत के साथ जेपी नड्डा की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मोहन भागवत और जेपी नड्डा की इस मुलाकात के दौरान संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी मौजूद रहे। आपको बता दें कि आरएसएस में कामकाज के नियमों और परंपराओं के मुताबिक, संघ के पूरे कामकाज को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ही देखते हैं। ऐसे में भविष्य को लेकर इन तीनों नेताओं की मुलाकात को काफी अहम और महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात के दौरान जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों से जुड़ी कई पहलुओं से संघ प्रमुख को अवगत कराया।

# पंजाब में चन्नी जैसा होगा हरियाणा में नायब सैनी का हश्र, कांग्रेस पर कसा तंज

**रोहतक ।** जेजेपी नेता अजय चौटाला ने कहा कि पंजाब के विधानसभा चुनाव से कांग्रेस मुख्यमंत्री बदला था। चरणजीत सिंह चन्नी को कमान सौंपी। चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुए, उसी तरह हरियाणा में नायब सैनी का हश्र होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन का जजपा को नुकसान उठाना पड़ा।

जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अजय चौटाला का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भाजपा से मिले हुए हैं। ईडी की कार्रवाई मात्र खानापूर्ति है। जांच एजेंसी को कार्रवाई करनी होती तो 10 साल इंतजार क्यों किया। चौटाला शनिवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अजय चौटाला ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस में एक सांपनाथ तो दूसरी नागनाथ है, लेकिन कांग्रेस के करीब जाने का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि कांग्रेस ने बिना कसूर उसके पिता पूर्व



मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला व उसे जेल भिजवाया। भाजपा के साथ पहले भी गठबंधन रह चुका है। टिकटों के बंटवारे के सवाल पर अजय चौटाला ने कहा कि दो सितंबर को पार्टी की बैठक है, जिसमें गठबंधन की टिकटों पर मंथन होगा। इसके बाद सूची जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के विधानसभा चुनाव से कांग्रेस मुख्यमंत्री बदला था। चरणजीत सिंह चन्नी को कमान सौंपी। चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुए, उसी तरह हरियाणा में नायब सैनी का हश्र होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन का जजपा को नुकसान उठाना पड़ा। क्योंकि भाजपा ने किसान विरोधी नीतियां अपनाई।

वे अब प्रदेश की जनता के बीच जा रहे हैं। जनता तय करेगी। जनता ने आशीर्वाद दिया तो एक बार फिर जजपा के हाथ में सत्ता की चॉबी रहेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी हरज्ञान सिंह मोखरा, जिला अध्यक्ष संदीप हुड्डा, पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह सुहाग, राजेश सैनी व अन्य पार्टी नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 120 करोड़ की ठगी का सूत्रधार गिरफ्तार, फर्जी वेबसाइटों के जरिये करता था लोगों से ठगी

**लखनऊ।** एकेटीयू के अधिकारियों से जब आरोपी अनुराग बैंक मैनेजर बन मिला था तो जो विजिटिंग कार्ड दिया था, उसमें बैंक की फेक वेबसाइट दर्ज की गई थी। जिससे अगर कोई उस वेबसाइट पर जाता तो उसमें बैंक मैनेजर के तौर पर अनुराग की फोटो व उसका विवरण दर्ज मिलता। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 120 करोड़ रुपये ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने ठगी के बड़े सूत्रधार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ही डोमेन खरीदकर एकेटीयू और यूनियन बैंक की फेक वेबसाइट बनाई थीं। वहीं ठगी की रकम ठिकाने लगाने में भी मुख्य भूमिका रही।

शुक्रवार को आरोपी कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में गुजरात के भरूच निवासी अजय सुरेश भाई पटेल को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से ठगी की रकम से खरीदी गई एससयूवी भी बरामद की गई। पुलिस ने दावा किया है कि अजय ठगी के गिरोह के अहम किरदारों में से एक है। वह ठगी के मास्टरमाइंड फरार आरोपी कपिल मुनि का करीबी है। उसने श्री श्रद्धा एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी से कपिल की मुलाकात कराई थी। तब तय हुआ था कि ठगी की बड़ी रकम ट्रस्ट के खाते मे भेजी जाएगी। तभी 120 करोड़ में से 100 करोड़ रुपये ट्रस्ट के खाते में भेजे गए थे। आरोपी अजय पेशे से ठेकेदार है।



### इस तरह फर्जी वेबसाइटों का हुआ इस्तेमाल

इंस्पेक्टर ने बताया कि बैंक और विवि की फर्जी वेबसाइट का ब्योरा एक-दूसरे से साझा किया गया। एकेटीयू के अधिकारियों से जब आरोपी अनुराग बैंक मैनेजर बन मिला था तो जो विजिटिंग कार्ड दिया था, उसमें बैंक की फेक वेबसाइट दर्ज की गई थी। जिससे अगर कोई उस वेबसाइट पर जाता तो उसमें बैंक मैनेजर के तौर पर अनुराग की फोटो व उसका विवरण दर्ज मिलता। दूसरी तरफ विवि का फाइनेंस अफसर जब बैंक अफसरों से मुलाकात की थी तब उसको विवि की फेक वेबसाइट संबंधी जानकारी दी गई थी। उसमें भी उसी तरह का खेल किया गया था।

### भांजे से कराया था ऑनलाइन पेमेंट

पुलिस की तफ्तीश में सामने आया कि आरोपी अजय बेहद शातिर है। वेबसाइट के लिए जो डोमेन खरीदे थे, उसका पेमेंट अपने भांजे के खाते से ऑनलाइन कराया था। यही वजह है कि पुलिस उसके भांजे तक पहले पहुंची। जब उससे पूछताछ हुई, तब अजय का नाम सामने आया। गिरफ्तारी होने के डर से वह दो महीने से घरवालों के संपर्क में नहीं था।

### अब तक नौ गिरफ्तारियां

एकेटीयू की एफडी कराने के नाम पर 120 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। 18 जून को साइबर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। मामले में अब तक नौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। अजय के अलावा जो पहले गिरफ्तारियां हुई उसमें गिरीश चंद्रा, शैलेश रघुवंशी, जोशी देवेंद्र प्रसाद, केके त्रिपाठी, दस्तगीर आलम, उदय पटेल, राजेश बाबू और अनुराग श्रीवास्तव शामिल हैं।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

 ● नई दिल्ली।। रविवार 01 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव : मिशन विजय के लिए सांसद तनुज पुनिया ने डाला गाजियाबाद में डेरा

## पहले दिन आए कुल छह बायोडाटा, अभी आएंगे कई चौंकाने वाले नाम सामने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद की विधानसभा में उपचुनाव होना है और चुनाव में मिशन विजय बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह चुनावी मैदान की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के चुनाव पर्यवेक्षक एवं सांसद तनुज पुनिया गाजियाबाद आए। शनिवार को महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गाजियाबाद शहर उपचुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक और चुनावी गणित सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई है। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं के सामने 6 प्रत्याशियों ने बायोडाटा भी पेश किए गए हैं। इस दौरान कांग्रेस संगठन के प्रमुख चेहरे भी इर्द-गिर्द नजर आए। उधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में कई और बायोडाटा भी कांग्रेस नेताओं और शीर्ष आलाकमान के सामने भेजे जाने हैं। जिसमें कई नाम चौंकाने वाले भी हो सकते हैं।





### सांसद तनुज पुनिया ने कहा गाजियाबाद को जीतना कठिन नहीं

करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन मजबूत करने के लिए जुटी हुई है। तो समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन का उसको फायदा होने का अनुमान है। शनिवार को कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक तनुज पुनिया ने कहा है मैंने सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं की सलाह और बात सुनी है। मैं यह जानकारी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का काम करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरीके का गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं और कांग्रेस के प्रति उत्साह है वह इस बात का भी सबूत है कि गाजियाबाद में कांग्रेस इस बार भाजपा को हराने का काम करेगी। यहां कांग्रेस के लिए जीतना कोई कठिन कार्य नहीं रहेगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा प्रत्याशी रही डॉली शर्मा से चुनावी रूपरेखा पर भी बातचीत की। साथ ही कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी से भी उन्होंने विस्तार से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की वर्किंग के बारे में जानकारी ली।

### आज भी पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे सांसद तनुज पुनिया

करंट क्राइम : कांग्रेस के महानगर कमेटी अध्यक्ष विजय चौधरी ने जानकारी दी है कि कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक और सांसद तनुज पुनिया रविवार को गाजियाबाद में ही रहेंगे। वह नए बस अड्डे स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सुबह 11 से 2 तक कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। वहीं पार्टी के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस दौरान कुछ कांग्रेस के खास फेस पार्टी में जो अपना प्लेस रखते हैं, वह अपना बायोडाटा उनके समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जो शीर्ष नेतृत्व को भेजा जाएगा।

### कांग्रेस के प्रमुख फेस आए नजर, पहले दिन 6 बायोडाटा हुए जमा











करंट क्राइम : महानगर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद शहर यूपी चुनाव की तैयारी और उम्मीदवारों की तलाश के लिए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चुनाव पर्यवेक्षक सांसद तनुज पुनिया आए। कार्यक्रम विजय चौधरी महानगर अध्यक्ष कांग्रेस की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस एवं गाजियाबाद की लोकसभा प्रत्याशी रहीं डॉली शर्मा, जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व विधायक हरेंद्र अग्रवाल, प्रदेश सचिव पंकज तंजानिया, पूर्व प्रदेश सचिव नसीब खान, पूर्व मेयर प्रत्याशी पुष्पा रावत, पूव मेयर प्रत्याशी लालमन पाल, विजयपाल चौधरी, जिला अध्यक्ष ओबीसी एवं पीसीसी सदस्य जिला महानगर महिला कांग्रेस सोनम नागर प्रमुख रूप से रहीं। इस दौरान कुल छह ऐसे फेस थे, जिन्होंने आगामी शहर सीट विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना बायोडाटा दिया है। इसमें प्रमोद कुमार, वीर सिंह जाटव, नरेंद्र चौहान, विक्रांत चौधरी, तरुण रावत और शिवम शर्मा का नाम प्रमुख है।

**यह कांग्रेसी रहे मुख्य रूप से मौजूद :** इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाबू राम शर्मा, कांग्रेस नेता इस्माइल खान, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कार्यकारी कपिल यादव, महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस शादाब अब्बासी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव इमरान मलिक, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष वली हसन, पीसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, सेवादल अध्यक्ष सुनील शर्मा, कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी, पूर्व पार्षद विकास खारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस अमित यादव, कांग्रेस नेता हाजी खुर्शीद, रियाज अहमद, युनुस चौधरी, दलित कांग्रेस महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, प्रदेश महासचिव एससी एसटी शूर्यकांत, वीर सिंह जाटव , नरेंद्र चौहान, प्रेम प्रकाश चीनी, बलराज सिंह चावड़ा, चौधरी सईद, साहिल अब्बासी, अनुज चौधरी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी, सलमान अब्बासी, किसान कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी, पूर्व महासचिव राजेंद्र शर्मा और सुरेंद्र चौधरी रहे।

# संपत्ति कर वसूली में 64 करोड़ की वृद्धि

## नगर आयुक्त ने टैक्स विभाग की टीम के साथ की समीक्षा बैठक

### इस वर्ष 1 अप्रैल से 31 अगस्त 2024 तक 148 करोड़ 15 लाख की वसूली की गई





### पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 84 करोड़ 61 लाख की वसूली की गई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संपत्ति कर वसूली को रफ्तार देने के लिए समस्त जोनल प्रभारी सहित, टैक्स विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त ने ऐसे भवन जो अभी भी टैक्स से छूटे हुए हैं, उन पर एक सप्ताह में कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। हाई राइज सोसाइटी में ऐसे फ्लैट जो टैक्स से छूटे हुए हैं उन पर भी एक सप्ताह में अभियान के रूप में टैक्स वसूली कैंप लगाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

गाजियाबाद नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली में पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष 64 करोड़ की अधिक वृद्धि की है। पिछले वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक लगभग 84 करोड़ 61 लाख की वसूली की गई। इस वर्ष नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में योजना से कार्य करते हुए 1 अप्रैल से 31 अगस्त 2024 तक 148 करोड़ 15 लाख की वसूली की गई है, जिस पर नगर आयुक्त ने टीम के कार्यों की सरहाना की तथा इसी प्रकार कार्यों को रफ्तार से बढ़ाने के लिए योजना बनाने के लिए भी कहा गया। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए नगर आयुक्त ने टॉप 50 ऐसे बकाएदार हैं जो कि बड़े बकायेदार हैं, उनकी सूची बनाते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी जोन में 50-50 बड़े बकाएदारों की सूची तैयार की गई है, जिसे लगभग 1 सप्ताह के भीतर 64 करोड़ की वसूली का टारगेट रखा गया है।

### शहर के विकास में टैक्स जमा करना नागरिकों की पहली जिम्मेदारी : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त ने सभी सम्मानित करदाताओं से सितंबर माह में 10% छूट का लाभ लेते हुए अपना टैक्स समय से जमा करने के लिए अपील की गई है।



शहर के विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह समय से हाउस टैक्स जमा करें। जिसके लिए नगर आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है।

महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा शहर हित में लगातार विकास कार्यों के लिए योजना बनाई जा रही है। टैक्स वसूली प्राथमिकता पर कराई जा रही है जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा पार्षदों का भी योगदान निगम को मिल रहा है जो की सराहनीय है।

### हाई राइज बिल्डिंग में टैक्स से छूटे हुए फ्लैटों पर करें कार्रवाई : नगर आयुक्त

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार लगातार कड़ी मेहनत के साथ कर वसूली का कार्य चल रहा है। सम्मानित करदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया से भी टैक्स वसूली का कार्य चल रहा है। अवकाश दिवसों में भी कैंप लगाकर वसूली की जा रही है। नगर आयुक्त ने कमर्शियल बिल्डिंग पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए 10 दिवस का समय दिया गया है।गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी कमर्शियल भवनों पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए जाएंगे तथा कर वसूली की जाएगी। नगर आयुक्त ने समस्त करदाताओं को अपने-अपने जोन में कमर्शियल भवन जो कि टैक्स से छूटे हुए हैं उन पर प्राथमिकता पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्व और वर्तमान बार अध्यक्ष का विवाद थाने तक पहुंचा, दर्ज हो सकती है एफआईआर



### पूर्व अध्यक्ष और साथियों पर मारपीट, जनरल बॉडी मीटिंग में हथियार लेकर हंगामा करने का आरोप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद की आम सभा में वर्तमान और पूर्व अध्यक्ष की मौजूदगी में हुए हंगामे और वाद-विवाद का मामला अब पुलिस थाने तक पहुंच गया है।

वर्तमान बार अध्यक्ष दीपक शर्मा द्वारा पूर्व बार अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली, सुबोध त्यागी रावली, वीरेंद्र त्यागी वह राजीव त्यागी की बार सदस्यता खत्म करने और इन पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद की शिकायत का संज्ञा लेकर कार्रवाई हो। वहीं कुछ अधिवक्ता जो इस पूरे मामले में शामिल हैं उनके जिलाधिकारी से हथियारों के लाइसेंस निरस्त कराने की मांग की गई है। वहीं कवि नगर थाना पुलिस को पूर्व बार अध्यक्ष व साथियों पर कोरोना पीड़ित फंड का गबन करने का भी आरोप लगाते हुए शिकायत दी गई है। शनिवार को अध्यक्ष दीपक शर्मा अपनी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठे और पूर्व बार अध्यक्ष पर कई आरोप भी लगाए हैं।

### बार रूम में तोड़फोड़ का भी लगा है आरोप

करंट क्राइम : वर्तमान अध्यक्ष दीपक शर्मा ने पूर्व बार अध्यक्ष राकेश कुमार त्यागी कैली एवं के समर्थकों द्वारा बार रूम में तोड़फोड़ किए जाने की बड़ी निंदा की है। साथ पूर्व अध्यक्ष सहित आठ अधिवक्ताओं पर बार की सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाने, इनका पंजीकरण रद्द करने के लिए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा है । वहीं बार सभागार में शास्त्र लहराकर आम सभा में भय फैलाने के लिए जिलाधिकारी को शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई और कवि नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

### राकेश त्यागी कैली ने दीपक शर्मा की अध्यक्षता बताई अवैध

करंट क्राइम : पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे राकेश कुमार त्यागी कैली ने अगस्त माह में ही एक लैटर जारी किया था, जिसमें उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष दीपक शर्मा को आम सभा की बैठक में पारित प्रस्ताव का हवाला देते हुए अध्यक्ष पद से निष्कासित करार दिया था। साथ ही उनपर आरोप है कि स्वयं को अध्यक्ष और अमित नेहरा व हरेंद्र को महासचिव दर्शाया गया है। उधर इस मामले पर जब दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व बार अध्यक्ष राकेश त्यागी कैली को फोन मिलाया तो उनका फोन नंबर नॉट रीचेबल मिला।

# हेड कांस्टेबल की पत्नी ने लगाई फांसी, पति और परिजनों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

## वीडियो कॉलिंग कर पिता को कहा परेशान करता है पति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तैनात एक हेड कांस्टेबल की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर कर ली। मामला सिहानी गेट थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मृतका का नाम कृष्णा था। उसका पति गजेंद्र सिंह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हेड कांस्टेबल और वर्तमान में एक एसीपी स्तर के अधिकारी के कार्यालय में तैनात है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात कृष्णा ने अपने पिता को फोन किया



और कहा कि उसका पति उसे परेशान करता है। साथ ही दहेज की मांग करता है। वह उस पर और भी कई आरोप लगाता है। इसके कुछ देर बाद कृष्णा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब पति को सूचना मिली तो उसने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस उसे गंभीर अवस्था में पास के निजी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### मौत से कुछ घंटे पहले किया था पिता को फोन

**करंट क्राइम।** मृतका कृष्णा के भाई भानु प्रताप ने पुलिस को जो शिकायत दी है उसमें उसका कहना है कि उसकी बहन कृष्णा ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या की। वह अपने पति गजेंद्र सिंह से परेशान चल रही थी। वो उसे मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से परेशान करता था। मृतका कृष्णा ने शुक्रवार को अपने पिता को करीब 9 :30 बजे फोन किया था और रात करीब 11 :30 बजे के आसपास उसके फांसी लगाई जाने की सूचना परिवार वालों को सिहानी गेट थाना पुलिस के माध्यम से मिली। इस मामले में पुलिस को परिजनों के ओर से शिकायत मिली है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

### मृतका का पिता बोला शादी में खर्च किए थे 20 लाख रुपए

**करंट क्राइम।** गजेंद्र और कृष्णा की शादी को लंबा समय हो चुका है। मृतका के दो छोटे बच्चे भी हैं। उधर मृतका के पिता का कहना है कि उसने गजेंद्र से लगभग 20 लाख रुपए में अपनी बेटी की शादी की थी। गजेंद्र पुलिस में हेड कांस्टेबल है। वह लगातार परिवार वालों से पैसों की डिमांड करता था। वहीं गजेंद्र की बहनें व परिवार के लोग भी उनकी बेटी को परेशान करते थे। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच के बाद मुकदमा दर्ज कार्रवाई की बात कर रही है।

# 55 लाख की अफीम के साथ झारखंड का 12वीं पास ड्राइवर गिरफ्तार

### एक बार की सप्लाई के मिलते थे 20 हजार रुपए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने मुरादनगर थानाक्षेत्र से झारखंड से तस्करी कर लाई गई अफीम को तस्कर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने झारखंड के जतरा निवासी राहुल कुमार डांगी को गिरफ्तार किया है, जो 12वीं पास है और खेतों में मजदूरी व ट्रैक्टर ड्राइवरी का काम करता था। पुलिस ने उसके पास से अंतरराष्ट्रीय बाजार में 55 लाख रुपए की अफीम बरामद की है। पुलिस इसके साथियों और अन्य सदस्यों के बारे में पता लगा रही है। कुछ को वह पहले ही जेल भेज चुकी है। इस मामल में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने



जानकारी दी है कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर में बीते एक साल से अफीम की तस्करी अलग-अलग स्थान पर करता था। इस बार पुलिस को सटीक सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एक बार की सप्लाई पर मिलते थे 20 हजार रुपये

करंट क्राइम : स्वाट टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार किए गए राहुल कुमार डांगी को झारखंड में उसके दोस्त प्रीतम से अफीम सप्लाई करने का टेंडर मिला था।

वह दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब में आकर प्रति चक्कर 20 हजार रुपये इसके जरिए प्राप्त करता था जबकि जब वह गांव में था, तो उसे प्रतिदिन 300 रूपये की ही मजदूरी मिल पाती थी।

जब उसे मोटा पैसा मिलने लगा तो वह इस धंधे में उतर आया और बीते एक साल से दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई हिस्सों में माल की सप्लाई किया करता था।

### कॉलेज, होटल और मॉल के पास ऑन डिमांड करता था सप्लाई

करंट क्राइम : गाजियाबाद स्वाट टीम से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किया गया राहुल कुमार डांगी होटल, कॉलेज और मॉल के आसपास ऑन डिमांड भी अफीम सप्लाई किया करता था। बताया जा रहा है कि इसके संपर्क में दिल्ली- एनसीआर के कई तस्कर भी थे। पुलिस ने कुल 2 किलो 160 ग्राम अफीम बरामद की है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 55 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। उधर स्वाट टीम से मिली जानकारी के अनुसार बीते करीब 21 महीनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम कर चुकी है।

## संपादकीय

# जन-धन योजना ने आम लोगों के लिए खोल दिए बैंक के दरवाजे

इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है। कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरूआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गई थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है ौर एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है। इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है।

इस योजना से वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ा गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है। इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है। यह देखने की बात होगी कि देश के विकास में गरीब तबकों के समावेशन के जिस मकसद से इस योजना की नींव रखी गई थी, वह आने वाले वक्त में किस हद तक वास्तव में जमीन पर उतरती है।

# 'यूपीआई के कई और देशों तक बढ़ने की संभावना' : शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यूपीआई पहले ही क्यूआर कोड और फास्ट पेमेंट सिस्टम के जरिये कई देशों में मौजूद है और कई अन्य देशों के साथ इस पर चर्चा चल रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने जीडीपी वृद्धि दर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर दास ने कहा, ₹इस साल की पहली तिमाही के लिए, रिजर्व बैंक का अनुमान 7.1% की वृद्धि दर का था। लेकिन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वास्तविक संख्या 6.7% है। यह 7.1% से कम है। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे लगता है कि सभी क्षेत्रों में, पहली तिमाही में विकास दर 7% से अधिक है। दो पहलुओं ने इसे थोड़ा नीचे खींच दिया है, इसमें एक सरकारी व्यय है, जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों का व्यय है। चुनावी आचार संहिता जारी होने के कारण इसमें थोड़ी कमी दिखी। दूसरी चीज जो थोड़ी कम रही वह थी कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर, जो लगभग 2% या उससे कम की दर से बढ़ी...।

दूसरी ओर यूपीआई पर बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा उन्हें उम्मीद है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) कई और देशों तक बढ़ेगा। ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर आए दास ने कहा कि यूपीआई पहले ही क्यूआर कोड और फास्ट पेमेंट सिस्टम के जरिये कई देशों में मौजूद है और कई अन्य देशों के साथ इस पर चर्चा चल रही है। उन्होंने शुक्रवार शाम को यहां संवाददाताओं से कहा, "हमें उम्मीद है कि यह वैश्विक स्तर पर और बढ़ेगा और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचेगा।" दास ने बुधवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा था कि इस दिशा में पहले से ही भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, यूएई, मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से दुनिया भर में भारत की पहलों को अपनाने के लिए सकारात्मक रुख का पता चलता है।



# विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन को बताया 'अनोखी समस्या'

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन एक अनोखी समस्या है क्योंकि इसकी एक अनूठी राजनीति और अर्थव्यवस्था है। यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। जयशंकर ने जोर देकर कहा हम दुनिया के अकेले देश नहीं हैं जो चीन के बारे में बहस कर रहे हैं। चीन को 'अनोखी समस्या' बताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश नहीं है जो इस देश (चीन) के बारे में बहस कर रहा है। शनिवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए हुए जयशंकर ने कहा कि सभी ने दशकों पहले जानबूझकर चीनी उत्पादन की प्रकृति को नजरअंदाज करना चुना और अब शिकायत कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों व सीमा पर स्थिति को देखते हुए वहां से होने वाले निवेश की समीक्षा की जानी चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर के अनुसार चीन एक अनोखी समस्या है क्योंकि इसकी एक अनूठी राजनीति और अर्थव्यवस्था है। यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। जयशंकर ने जोर देकर कहा, हम दुनिया के अकेले देश नहीं हैं जो चीन के बारे में बहस कर रहे हैं। एक कार्यक्रम में यूरोप और अमेरिका का उदाहरण देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, यूरोप जाकर उनसे पूछिए कि आज आपकी प्रमुख आर्थिक या राष्ट्रीय सुरक्षा बहसों में से कौन सी सबसे अहम है? यह चीन के बारे में है। संयुक्त राज्य अमेरिका को देखिए, यह चीन से ग्रस्त है, और कई मायनों में सही भी है। गौरतलब है कि 2020 में, भारत और चीनी सैनिकों के बीच गलवान में झड़प हुई थी, उसी साल कोविड महामारी शुरू हुई थी। मई 2020 से, जब चीनी सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर यथास्थिति को आक्रामक रूप से बदलने की कोशिश की, तब से दोनों पक्ष पेट्रोलिंग पॉइंट 15 के पास आगे की स्थिति में तैनात हैं, जो गलवान झड़प के बाद एक तनाव के बिंदु के रूप में उभरा। इस बीच, जयशंकर ने आगे पूछा, जब आपके कई पड़ोसी हों तो क्या होता है? उन्होंने पड़ोसी देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान का एक छोटा-सा संदर्भ देते हुए, कहा कि सरकार में बदलाव हमेशा देश में राजनीतिक बहस को जन्म देगा। ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम नामक कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर बोले, आप जानते हैं, पड़ोसियों के साथ रिश्ते बहुत जटिल होते हैं। वे सभी लोकतांत्रिक राजनीति में हैं। वहां सरकारें बदलेंगी, और उनके देश में राजनीतिक बहसें होंगी। अक्सर, हम उन बहसों का केंद्र होंगे। यह स्वाभाविक है क्योंकि हम एक बड़े देश हैं। हमें ऐसी अपेक्षा रखनी होगी, योजना बनानी होगी और अपनी नीति में इसे शामिल करना होगा। हमें यह भी अपेक्षा रखनी होगी कि हमारे पड़ोस में कुछ बदलाव होंगे।



# राज्यों को करों में हिस्सेदारी के रूप में 3.66 लाख करोड़ जारी

## पिछले वर्ष से 57109 करोड़ ज्यादा




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, प्राप्त राशि वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 31.9 प्रतिशत है। दूसरी ओर, करों में हिस्सेदारी के हस्तांतरण के रूप में केंद्र की ओर से राज्य सरकारों को 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। केंद्र सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर राजस्व के माध्यम से जुलाई 2024 के अंत तक कुल 10,23,406 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, प्राप्त राशि वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 31.9 प्रतिशत है। दूसरी ओर, करों में हिस्सेदारी के हस्तांतरण के रूप में केंद्र की ओर से राज्य सरकारों को 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं।

सरकार की प्राप्तियों में कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) 7,15,224 करोड़ रुपये, गैर-कर राजस्व 3,01,796 करोड़ रुपये और गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियां 6,386 करोड़ रुपये हैं। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जुलाई 2024 तक के मासिक खातों को समेकित और प्रकाशित किया, जो चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार के वित्तीय प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। मंत्रालय की रिपोर्ट में, यह बताया गया है कि एकत्र किए गए कर राजस्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राज्य सरकारों के साथ साझा किया गया है विशेष रूप से, करों में राज्य सरकारों के हिस्से के रूप में 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। मंत्रालय के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह 57,109 करोड़ रुपये की वृद्धि है।

यह सरकार द्वारा राजकोषीय संघवाद को दशार्ता है। मंत्रालय ने कहा, इस अवधि तक भारत सरकार द्वारा करों में हिस्सेदारी के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 3,66,630 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 57,109 करोड़ रुपये अधिक है। व्यय पक्ष पर, सरकार ने जुलाई 2024 तक कुल 13,00,351 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो वर्ष के बजट अनुमानों का 27 प्रतिशत है। इसमें से 10,39,091 करोड़ रुपये राजस्व खाते पर खर्च किए गए हैं, जबकि 2,61,260 करोड़ रुपये पूंजी खाता व्यय के लिए निर्देशित किए गए हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा- जैसा कि आप जीवन को भरपूर जीएंगे। आज आपको अपना पैसा खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

**वृष:** ज्यादा खाने से बचें और अपने वजन पर नजर रखें। मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी। इसलिए संयम बरतें।

**मिथुन:** आपका बचकाना स्वभाव फिर सामने आएगा और आप शरारती मूड में रहेंगे। आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा।

**कर्क:** आपको चपलता देखने को मिल सकती है। स्वास्थ्य पूरा साथ देगा। दिन बहुत लाभदायक नहीं है इसलिए जेब पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा खर्च न करें।

**सिंह:** ढीली चीजों का सेवन न करें, नहीं तो सेहत में उथल-पुथल हो सकती है। संपत्ति से जुड़े लेन-देन पूरे होंगे। मित्रों-परिवार के सहयोग से आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**कन्या:** रोग से शीघ्र स्वस्थ होने के योग हैं। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं। कीमती समय अपने बच्चों के साथ बिताएं। यह सर्वोत्तम मलहम है।

**तुला:** आपकी व्यक्तिगत समस्याएं आपकी मानसिक शांति भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें।

**वृश्चिक:** ध्यान और योग आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। जो लोग अब तक बिना सोचे-समझे पैसा बर्बाद कर रहे थे, उन्हें आज पैसों की जरूरत पड़ सकती है।

**धनु:** खुश रहें क्योंकि अच्छा समय आने वाला है और अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे। चंद्रमा की स्थिति के कारण आपका पैसा अनावश्यक चीजों पर खर्च हो सकता है।

**मकर:** गुस्सैल व्यवहार सेहत के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। अगर किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें, चोरी होने की संभावना है।

**कुंभ:** दिन फायदेमंद साबित होगा और किसी पुराने रोग में काफी सहज महसूस करेंगे। अधिक खर्च और चतुर वित्तीय योजनाओं से बचें।

**मीन:** गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने का दिन है। जो लोग अब तक बिना सोचे-समझे पैसा बर्बाद कर रहे थे, उन्हें आज पैसों की जरूरत पड़ सकती है।

## चुटकुले

गर्लफ्रेंड : मेरे पापा ने कहा है कि अगर मैं एग्जाम में फेल हो गई तो मेरी शादी रिक्शावाले से करा देंगे।
पप्पू : अरे वाह! मेरे पापा ने कहा है कि अगर मैं फेल हुआ तो मुझे रिक्शा खरीद देंगे।

---

संता (मेहमान से) : ठंडा लोगे या गरम?
मेहमान : दोनों ले आओ...
संता : प्रीतो.. एक गिलास फ्रीजर से और दूसरा गिलास गीजर से पानी ले आओ...

---

महिला : मुझे मेरे पूर्व पति से फिर से शादी करनी है।
वकील : अभी आठ दिन पहले ही तो आपका तलाक करवाया है।
फिर क्यों!!
महिला : वो तलाक के बाद बहुत खुश दिख रहे हैं और मैं ये बर्दाश्त नहीं कर सकती

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह कैसे पता करते हैं कि अंडा अच्छे से बॉईल हो गया है या कच्चा है, अंडे को घुमाइये अगर यह आसानी से घूमने लगे तो समझ लिजिये अंडा अच्छे से बॉईल हो चूका है, और यदि न घूमे तो इसे और बॉईल कर लीजिए।
- एक एवरेज मुर्गी एक साल में 300 से 325 अंडे तक देती है।
- एक अंडे को उत्पन्न करने में मुर्गी को 24 से 26 घण्टों का समय लगता है, जैसे मुर्गी वयस्क होती है, बड़े अंडे उत्पन्न करती है।
- अंडे का पीला भाग उन खाने वाले पदार्थों में से एक है जो की विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत हैं।
- केवल अंडे की प्रोटीन में आवश्यक अमीनो एसिड का सही मिश्रण होता है, जो मनुष्यों द्वारा उनके ३२२४ी२ तिस्सुज निर्माण करने के लिए बहुत जरुरी होता है। यकींन मानिए दोस्तों यह मनुष्य के पोषण के लिए माँ के दूध के बाद दूसरे नंबर पर आता है।
- ब्राउन ऐग्ग सफेद अण्डों से महंगे होते हैं, भूरे अंडे वाली मुर्गी सफेद अंडे वाली मुर्गी की तुलना में फिजिकली बड़ी होती हैं, जिससे उन्हें अधिक खाने की जरुरत पड़ती है और किसानों को उन्हें ज्यादा खिलाने की बजह से ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



## निशानेबाज स्वरूप को लगा झटका, फाइनल में जगह बनाने से चूके, 14वें स्थान पर रहे



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज स्वरूप महावीर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 क्वालिफिकेशन में 613.4 अंक लेकर 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। इस स्पर्धा में शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालिफाई करते हैं, लेकिन स्वरूप ऐसा करने से चूक गए। स्वरूप पदक के दावेदार थे। हालांकि, उनके हाथ निराशा लगी।

### टोक्यो में भी पदक से चूक गए थे स्वरूप

टोक्यो पैरालंपिक में भी स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके। दक्षिण कोरिया के पार्क 624.4 अंक से क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे और स्वरूप से पूरे 10.5 अंक आगे रहे।

### बचपन में पोलियो से हो गए थे पीड़ित

कोल्हापुर के इस निशानेबाज को बचपन में पोलियो का पता चला था जिससे उनके दोनों पैर में लकवा मार गया था। उन्होंने 101.8, 103.0, 101.7, 101.8, 102.4, 102.7 के स्कोर से 613.4 अंक बनाये। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।

## बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और नितेश सेमीफाइनल में पहुंचे, मनदीप कौर भी आगे बढ़ने में सफल रहीं






**नई दिल्ली।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और नितेश कुमार पुरुष एकल के अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए, जबकि मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन ऑरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले एसएल 3 वर्ग के खिलाड़ी नितेश कुमार ने पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच जगह बना ली है। नितेश ने थाईलैंड के बुनसुन मोंगखोन को सीधे गेम में 21-13, 21-4 से हराया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे। भारत के एक अन्य बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा का ग्रुप चरण मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सुकांत ने थाईलैंड के सिरिपोंग को 21-12, 21-12 से हराया। तीन खिलाड़ियों के ग्रुप में यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी। सुकांत ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था।

एक अन्य मुकाबले में टोक्यो पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-1, 21-11 से हराया। मनोज इससे पहले बुनसुन और नितेश से हारने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए थे।

मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच 21-23, 21-10, 21-17 से जीता। वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था। उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया। मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

एसएल3 मिश्रित युगल के एक अन्य मैच में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन को फ्रांस के फॉस्टीन नोएल और लुकास मजूर से 22-24, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एकमात्र जीत नित्या सिवान सुमाथी और सिवाराजन सोलाईमलाई ने हासिल की। उन्होंने ग्रुप बी में थाईलैंड के नत्थापोंग मीचाई और चाई सेयांग को 21-7, 21-17 से हराया।

## शारीरिक और आर्थिक समस्याओं से जूझने के बावजूद नहीं मानी हार, अब पेरिस में लहराया तिरंगा




**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक का दूसरा दिन भारत के लिए शानदार रहा। भारतीय एथलीट्स ने कुल चार पदक अपने नाम किए। इनमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। प्रीति पाल ने ट्रैक और फील्ड में भारत के लिए पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह इन खेलों में ट्रैक इवेंट में पहला पदक है। प्रीति के लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उन्होंने छह साल पहले सोशल मीडिया पर पैरालंपिक खेलों की वीडियो देखकर दौड़ना शुरू किया था। आज उनकी मेहनत रंग लाई है।

### जन्म के छह दिन बाद हुई दिक्कत

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में जन्मीं प्रीति किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। जन्म के छह दिन बाद ही उनके शरीर के निचले हिस्से पर प्लास्टर बांधना पड़ा था। कमजोर और असामान्य पैर की स्थिति के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई सालों तक इलाज के बाद भी कुछ खास असर नहीं पड़ा। प्रीति को पांच साल की उम्र में कैलिपर पहनना पड़ा जिसका आठ सालों तक उन्होंने उपयोग किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ लोगों ने उनके चलने पर शंका जताई लेकिन प्रीति ने कभी हार नहीं मानी और संघर्षों के साथ यहां तक पहुंचीं। प्रीति का जीवन जीने के नजरिया तब बदला जब उन्होंने 17 की उम्र में सोशल मीडिया पर पैरालंपिक खेलों की वीडियो देखीं। इनसे प्रेरित होकर उन्हें अहसास हुआ कि वह भी अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। छोटी उम्र में उन्होंने स्टेडियम में अभ्यास करना शुरू किया। हालांकि, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें आने-जाने में काफी संघर्ष करना पड़ा था। उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात पैरालंपिक एथलीट फातिमा खातून से हुई। वो फातिमा ही थीं जिन्होंने प्रीति को पैरा एथलेटिक्स से परिचित कराया। फातिमा के समर्थन से, प्रीति ने 2018 में स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया। इसके अलावा उन्होंने कई राष्ट्रीय स्पधाओं में भी भाग लिया। उनके प्रयासों का फल तब मिला जब उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्प्रिंट में चौथा स्थान हासिल करते हुए एशियाई पैरा खेलों 2022 के लिए क्वालिफाई किया।

### पेरिस में जीता अपना पहला पैरालंपिक पदक

प्रीति भले ही एशियन पैरा खेलों में कोई पदक नहीं जीत पाईं लेकिन वह पैरालंपिक खेलों के लिए खुद को प्रोत्साहित करती रहीं। वह कोच गजेन्द्र सिंह से प्रशिक्षण लेने के लिए दिल्ली चली गईं जहां उन्होंने अपनी दौड़ने की तकनीक को निखारने और अपने प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया। प्रीति की मेहनत का फल उन्हें 2024 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयनित होने पर मिला जहां उन्होंने पेरिस में अपना पहला पैरालंपिक पदक हासिल करने से पहले 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पधाओं में कांस्य पदक जीते।

## पेरिस ओलंपिक में गलत आचरण के लिए जीसी सदस्य संदीप वर्मा निलंबित, आईजीयू ने जारी किया आदेश



**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने संचालन परिषद (जीसी) के सदस्य संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक के दौरान गलत आचरण के लिए निलंबित कर दिया है। वह जांच होने तक संचालन परिषद (जीसी) का हिस्सा नहीं रहेंगे। शनिवार को आईजीयू के अध्यक्ष ब्रिजेंदर सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक के दौरान गलत आचरण के लिए निलंबित कर दिया गया है।

आईजीयू के अध्यक्ष ब्रिजेंदर सिंह ने एक आधिकारिक आदेश में कहा, भारतीय गोल्फ संघ अपनी संचालन परिषद के सदस्य संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करते समय गंभीर कदाचार के लिए उनके खिलाफ जांच लंबित रहने तक तत्काल प्रभाव से यानी 30 अगस्त 2024 से निलंबित करता है। ब्रिजेंदर सिंह ने कथित कदाचार का खुलासा करते बिना बताया कि इस मामले की जांच में एक सप्ताह से 10 दिन का समय लग सकता है। उन्होंने कहा- उसका कृत्य इतना गंभीर है कि उसे निलंबित किया जाना चाहिए। हमने जांच बिठा दी है और एक सप्ताह या 10 दिन के अंदर हमें रिपोर्ट मिल जाएगी। जानकारी के मुताबिक, वर्मा ने पेरिस में उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय ओलंपिक टीम का हिस्सा बनने के लिए कथित तौर पर गलत मान्यता पत्र का इस्तेमाल किया था। हालांकि, वर्मा ने इन आरोपों को निराधार बताया। वर्मा ने कहा- ये सभी आरोप झूठे हैं। मेरे पास उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए आवश्यक अनुमति और मान्यता पत्र था। मेरा नाम उन लोगों की सूची में था जो दल का हिस्सा थे और जिन्होंने उद्घाटन समारोह में भाग लिया था। उन्होंने आगे कहा- मैंने किसी के मान्यता पत्र की कॉपी नहीं की थी। मैंने कुछ भी नहीं छुपाया। उद्घाटन समारोह के दौरान करोड़ों लोगों ने मुझे ध्वज के साथ देखा। वहां पहुंचने के लिए कड़ी सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ता है। ये सभी झूठे आरोप हैं और मैंने उन्हें (आईजीयू को) कल कानूनी नोटिस भेजा है।

## भाविना और सोनल को लगा झटका
### कोरियाई जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हराया




**नई दिल्ली।** भारत के लिए पैरालंपिक का दूसरा दिन मिला-जुला रहा। एक तरफ भारतीय एथलीट्स ने चार पदक जीते तो दूसरी तरफ भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल को तगड़ा झटका लगा। शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ उन्हें क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी।भावना 2021 में टोक्यो खेलों के दौरान पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थी। वह 12 महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। भाविना क्लास 4 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भाविना की तरह सोनल भी छह महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। इससे उनके दोनों पैर और दाएं हाथ में विकार हो गया था। वह 90 प्रतिशत दिव्यांगता वाले क्लास तीन वर्ग में खेलती है।

पैरालंपिक में टेबल टेनिस में 11 वर्ग होते है। इसमें पांच बैठकर और छह खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करने वाले मुकाबले है। टेटे एक से पांच व्हीलचेयर पर बैठ कर, टेटे छह से 10 खड़े होकर और टेटे 11 बौद्धिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों के लिए होता है।

## जोकोविच हुए उलटफेर का शिकार, पोपिरिन ने हराया 18 साल में पहली बार चौथे दौर में नहीं बना पाए जगह



**नई दिल्ली।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गए हैं। जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस तरह वह 18 साल में पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में जगह नहीं बना सके। जोकोविच इस साल कोई ग्रैंडस्लैम नहीं जीत सके हैं और 2017 के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है।

### अल्कारेज के बाद जोकोविच भी बाहर

जोकोविच से पहले 2022 के चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज भी यूएस ओपन से बाहर हो गए थे। यह 1973 के बाद पहली बार है जब दूसरी और तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूएस ओपन के एकल वर्ग में चौथे दौर से पहले ही बाहर हो गए हैं। जोकोविच ग्रैंडस्लैम में दो सेट से पिछड़ने के बाद आठ बार वापसी करने में सफल रहे हैं, लेकिन पोपिरिन के खिलाफ वह ऐसा करने में सफल नहीं हो सके और उन्हें तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-2, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच इससे पहले 2005 और 2006 में यूएस ओपन के तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी 2011, 2015, 2018 और 2023 में यहां चैंपियन बना था।


### जोकोविच पर दबाव बनाने में सफल रहे पोपिरिन

पोपिरिन ने शुरूआत से इस मुकाबले में अपना दबदबा बनाया हुआ था और उन्होंने गत विजेता जोकोविच से आसानी से पहले दो सेट अपने नाम किए। हालांकि, चार बार यूएस ओपन जीत चुके जोकोविच ने तीसरे सेट में वापसी की और एकतरफा अंदाज में यह सेट अपने नाम किया। उस वक्त लगा कि जोकोविच यहां से वापसी कर सकते हैं, लेकिन चौथे सेट में पोपिरिन ने दबदबा बनाया और जोकोविच का सफर समाप्त कर दिया। जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन न्यूयॉर्क में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके।

### आगे बढ़ने में सफल रहीं गॉफ

महिला वर्ग में पिछली चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहला सेट गंवाने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहीं। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-3 से हराकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। एम्मा नवारो भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 19वीं वरीय मार्टा कोस्ट्युक पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की।

## अवनि ने दोहराया टोक्यो का प्रदर्शन, पेरिस में जीता स्वर्ण, बोलीं- महिलाओं के लिए तोड़े बैरियर



**नई दिल्ली।** पैरा शूटर अवनि लेखरा ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में टोक्यो का प्रदर्शन दोहराया। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर भारतवासियों को गौरवान्वित किया। अवनि ने दूसरे दिन ही महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। इस तरह भारत का पेरिस पैरालंपिक में शानदार आगाज हुआ है। इस जीत के बाद उन्होंने कहा कि इसने भारत में महिला खिलाड़ियों के लिए बैरियर तोड़ दिए हैं।

### अवनि ने जीता स्वर्ण

अवनि ने टोक्यो पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। उन्होंने फाइनल में 249.7 के रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीत हासिल की जबकि मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। जीत के बाद उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। अवनि ने कहा- मैंने कभी नहीं सोचा था। मैं बस दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में सोच रही थी। मुझे खुशी है कि मैं अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। इसने देश की अन्य महिलाओं के लिए बैरियर तोड़ दिया। वे अब सोच सकती हैं कि ह्यभारत में महिलाएं भी स्वर्ण जीत सकती हैंह्व। मैं आभारी हूं कि मैं ऐसा करने वाली पहली महिला हूं।

अवनि ने बताया कि उनके लिए इस साल की शुरूआत में एक सर्जरी की चुनौती से पार पाना चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने पित्ताशय की सर्जरी के विषय में बात करते हुए कहा- मार्च में मेरी सर्जरी हुई थी और मैं रेंज से बाहर थी, मैं अभ्यास नहीं कर रही थी। मानसिक रूप से इसने मुझे परेशान किया क्योंकि मैं पैरालंपिक से कुछ महीने पहले ट्रेनिंग नहीं ले रही थी। अभी मुझे और स्पधार्ये खेलनी हैं और मैं सभी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं, देखते हैं क्या होता है।

## युकी-ओलिवेटी तीसरे दौर में, बालाजी को मिली हार; रोहन बोपन्ना प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्टिन क्राजिस्क और जीन जूलियन रोजर को हराकर वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया।

यह केवल दूसरा अवसर है जब भांबरी किसी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट के तीसरे दौर में पहुंचे हैं। इससे पहले वह 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी इसी चरण में पहुंचे थे। हालांकि, भारत के एक अन्य खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओजी दूसरे दौर में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्की से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। भारत और अर्जेंटीना की जोड़ी दूसरे दौर के मैच में 6-7 (4), 4-6 से हार गई। वीनस और स्कूपस्की को सात ब्रेक प्वाइंट मिले जिसमें से उन्होंने एक को भुनाया। बालाजी और आंद्रेओजी सर्विस ब्रेक के अपने एकमात्र अवसर को भुनाने में असफल रहे।

### बोपन्ना पुरुष युगल और मिश्रित वर्ग में आगे बढ़े

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पुरुष और मिश्रित युगल वर्ग में आगे बढ़ने में सफल रहे। 44 वर्षीय बोपन्ना ने इंडोनिशिया के अलदिता सुत्जादी के साथ मिलकर डेमी शुअर्स और टिम पिट्स को पहले दौर के मैच में 7-6 (7), 7-6 (5) से हराने में सफल रहे। इसके बाद बोपन्ना मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर पुरुष युगल वर्ग में रोबर्टो कारबेल्स तथा फेडेरिको कोरिया को दूसरे दौर के मैच में 6-2, 6-4 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस जोड़ी का सामना अब अगले दौर में अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोलटेनी से होगा।

## पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के बाद भावुक हुई मोना, बोलीं- बच्चों से दूर रहकर खुद को निखारा



**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक में शुक्रवार का दिन पैरा शूटर मोना अग्रवाल के लिए यादगार रहा। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस ऐतिहासिक जीत के बाद उन्होंने अपने संघर्ष की कहानी सुनाई। मोना ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों से दूर रहकर खुद को निखारा।

पैरालंपिक 2024 के दूसरे दिन भारत ने कुल चार पदक जीते। इनमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 228.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया और भारत को कांस्य पदक दिलाया। पदक जीतने के बाद वह भावुक हो गईं।पहली बार पैरालंपिक खेलों में भाग ले रही 37 साल की मोना काफी समय तक स्वर्ण पदक की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन भारत की अवनि लेखरा ने इस पर कब्जा जमाया। जीतने के बाद मोना ने संघर्ष के दिनों को याद किया। उन्होंने कहा- वह मेरा सबसे मुश्किल समय में से एक था, वित्तीय संकट एक और बड़ी समस्या थी। मैंने यहां तक पहुंचने के लिए वित्तीय तौर पर काफी संघर्ष किया है। मैं आखिरकार सभी संघर्षों और बाधाओं से पार पाकर पदक हासिल करने में सक्षम रही। मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

### 2010 में छोड़ दिया था घर

पोलियो से पीड़ित मोना ने कहा कि उन्होंने खेल में अपना करियर बनाने के लिए 2010 में घर छोड़ दिया था लेकिन 2016 तक उन्हें नहीं पता था कि पैरालंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में उनके लिए कोई गुंजाइश है। उन्होंने कहा- मुझे 2016 से पहले पता नहीं था कि हम किसी भी खेल में भाग ले सकते हैं। जब मुझे अहसास हुआ कि मैं कर सकती हूं, तो मैंने खुद को यह समझने की कोशिश की कि मैं अपनी दिव्यांगता के साथ खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती हूं।

### बच्चों से दूर रहकर खुद को निखारा

मोना ने बताया कि उनके बच्चे वीडियो कॉल पर मासूमियत से यह समझते थे कि वह घर वापस आने का रास्ता भूल गई हैं और उन्हें वापस लौटने के लिए जीपीएस की मदद लेनी होगी। 37 वर्षीय पैरा शूटर ने कहा- जब मैं अभ्यास के लिए जाती थी तो अपने बच्चों को घर पर छोड़ना पड़ता था। इससे मेरा दिल दुखता था। मैं हर दिन उन्हें वीडियो कॉल करती थी और वे मुझसे कहते थे, ह्यमम्मा आप रास्ता भूल गयी हो, जीपीएस पर लगा के वापस आ जाओह्व। मैं अपने बच्चों से बात करते समय हर शाम रोती थी, फिर मैंने उन्हें सप्ताह में एक बार फोन करना शुरू कर दिया।


# किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा का जन्मदिन मनाया गया धूमधाम से




























गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर के जनप्रतिनिधि व गणमान्यों सहित भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों भाजपाइयों ने उत्तर प्रदेश किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजा वर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी ने भगवान श्रीकृष्णा छठी का पूजन कर चौधरी राजा वर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर उनका मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य के साथ स्वस्थ जीवन की भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की। जन्मदिन की बधाई के दौरान साथ में चौधरी किसान मोर्चा अध्यक्ष भारद्वाज पार्षद अमित त्यागी पूर्व उपाध्यक्ष सुनील यादव पार्षद प्रवीण चौधरी वीरेंद्र सारस्वत आदि मौजूद रहे। जन्मदिन की बधाई देने वालों में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद्र तोमर, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, एमएलसी दिनेश गोयल, महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति चौधरी कृष्ण वीर सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह, कामेश्वर त्यागी, सचिन सोनी पार्षद सतेन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र नागर, गौरव चोपड़ा, राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, ओम दत्त कौशिक, धर्मेंद्र चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनित शर्मा, नीरज त्यागी, अनुज राघव, प्रवीण भारद्वाज, रामकुमार चौधरी, मनोज डागर, नरेश देवरानी, सचिन चौधरी, प्रशांत महाना सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोदीनगर थाने में बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन

## फाल्ट ठीक करने गए कर्मी से मारपीट मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**मोदीनगर।** गाजियाबाद के मोदीनगर गांव सीकरी खुर्द में शुक्रवार शाम चार बजे बिजली के ट्रांसफार्मर का फाल्ट ठीक करने गए संविदा कर्मचारी को बंधक बनाकर मारपीट की गई। रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर संविदा कर्मचारियों ने मोदीनगर थाने पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होते है, तब तक काम नहीं करेंगे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया।

गांव बेगमाबाद की बह्मपुरी कॉलोनी निवासी विजय कुमार बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी पद पर कार्यरत है। विजय कुमार ने बताया कि शिकायत आई कि गांव सीकरी खुर्द स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में फाल्ट है। फाल्ट को ठीक करने के लिए विजय कुमार गांव सीकरी खुर्द चले गए। बताया कि विजय कुमार ट्रांसफार्मर का फाल्ट ठीक कर रहा था। इसी बीच गांव निवासी एक युवक आया और विजय को बुलाकर अपने घर ले गया।

### संविदा कर्मचारी से बदसलूकी, जेब से 20 हजार रुपए निकाले



आरोप है कि युवक ने संविदा कर्मचारी को अपने घर में बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। आरोपी को शक था कि संविदा कर्मचारी ने उनके यहां पर बिजली विभाग का छापा लगवाया था। संविदा कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की गई। कर्मचारी ने जेब से बीस हजार रुपए निकालने का भी आरोप लगाया है। किसी तरह वह वहां से बचकर बिजली सब स्टेशन पहुंचा और अन्य कर्मचारियों को मारपीट की जानकारी। इसके बाद कर्मचारी थाने पर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने एलान किया है जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है ,तब वह काम नहीं करेंगे। बिजली विभाग महेश उपाध्याय अधिशासी अभियंता ने बताया कि संविदा कर्मचारी के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ मोदीनगर थाने में तहरीर दी गई है।

पुलिस के अधिकारियों से बात कर जल्द कार्रवाई करने को कहा गया है। किसी भी इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय के मुताबिक, बिजली विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट की सूचना मिली है। घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बदमाशों ने दुकान का शटर उखाड़कर किया नकदी व सामान चोरी

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव सुराना में बदमाशों ने एक दुकान का शटर उखाड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव सुराना निवासी अमित यादव गांव में ही इलैक्ट्रोनिक्स का सामान ठीक करने की दुकान करते है। वह रात के समय अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह के समय जब वह वापस आए तो शटर उखड़ा पड़ा हुआ था। उन्होने बताया कि बदमाश शटर उखाड़कर 15 सौ रुपए की नकदी व सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपो र्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## 17 वर्षीय किशोरी लापता, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण करने का मामला सामने आया है। अलग-अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला ने बताया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री गत 11 अगस्त को लापता हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिली। पता चला कि उसी गांव निवासी कुलदीप का साला गौतम निवासी गांव सलारपुर निवासी थाना जारचा अपहरण करके ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## वंदे भारत ट्रेन का हापुड़ में जोरदार स्वागत : लेकिन वर्ल्ड क्लास ट्रेन का स्टापेज नहीं होने से आधी हुई जिले के लोगों की खुशी

**हापुड़ करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 31 अगस्त को 3 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है, प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इवेंट में शामिल हुए। ये तीनों ट्रेनें चेन्नई से नागरकोइल, मदुरै से बेंगलुरु और मेरठ से लखनऊ के बीच चलेंगी। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हापुड़ होकर गुजरेगी, मगर हापुड़ में इस ट्रेन का ठहराव नहीं होगा। यह ट्रेन 1 सितम्बर से मेरठ-लखनऊ के बीच दौड़ेगी। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुभारंभ के प्रथम दिन शनिवार को जैसे ही यहां पहुंची, तो हापुड़ रेलवे स्टेशन भारतमाता की जय के उद्घोष से गूंज उठा। शनिवार को मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव दो मिनट के लिए दिया गया। रेलवे के सूत्रों के अनुसार नई वंदे भारत ट्रेनें क्षेत्र के लोगों को स्पीड और आरामदायक यात्रा के साथ वर्ल्ड क्लास ट्रेन का अनुभव भी देंगी। यह ट्रेन स्वदेशी टेक्नोलॉजी से बनी है। इसमें कवच टेक्नोलॉजी, 360 डिग्री घूमने वाली कुर्सियां, दिव्यांगजनों की जरूरत के अनुकूल शौचालय और इंटीग्रेटेड ब्रेल साइनेज लगे हैं। हापुड़ में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार की दोपहर करीब 1.26 बजे हापुड़ पहुंची। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे पुलिस मुस्तैद रही।

# युवजन सभा ने चलाया सदस्यता अभियान

## बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर कार्यक्रम को बनाया सफल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष वकील अहमद बाबा खान के यहाँ मकनपुर गाँव में किया गया जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। समाजवादी युवजन सभा के जिला महासचिव अमित यादव के यहाँ सुदामापुरी बिहारीपुरा में किया गया वहाँ भी नौजवानों ने एक बड़ी तादात में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी।



समाजवादी युवजन सभा के नगर अध्यक्ष मोदीनगर दीनू खान और पं0 मोहित कौशिक के यहाँ किया गया जिसमें मोदीनगर के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सदस्यता ग्रहण की और कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फैसला हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा, युवजन महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह, छात्रसभा जिलाध्यक्ष अंशु ठाकुर, कमलेश यादव, किसान नेता किशन यादव प्रदेश सचिव शाकिर हुसैन मुश्ताक, अमित यादव, जिला उपाध्यक्ष अकरम सलमानी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला सचिव आरिफ सलमानी, देवव्रत धामा, मनोज त्यागी, परविंदर चौधरी, प्रिंस यादव, गोलू यादव, सन्नी यादव, जॉनी यादव, सूरज भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

## हापुड़ बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला

हापुड़ बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह से मिला। वकीलों ने एसपी से 28 अगस्त 2023 को पुलिस द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग की। शुक्रवार को हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनिवास सिंह और सचिव विकास त्यागी के नेतृत्व में वकीलों का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला। वकीलों ने एसपी को बताया कि 29 अगस्त 2023 को पुलिस द्वारा हापुड बार एसोसिएशन के निहत्थे वकीलों पर लाठीचार्ज किया था और वकीलों के विरूद्ध झूठे फर्जी मुकदमें दर्ज करा दिए थे।

### विदेश मामलों के सलाहकार का अहम बयान

# 'शेख हसीना की वजह से भारत के लिए परेशानी हो सकती है'

**ढाका।** शेख हसीना को लेकर भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ सकती है। ये कहना है बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन का। दरअसल उन्होंने कहा कि 'वह (शेख हसीना) दिल्ली में, भारत में रह रही हैं। हालांकि मैं इसका उत्तर देने के लिए सही व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन अगर वहां से (गृह मंत्रालय और विधि मंत्रालय से) कोई अनुरोध आता है तो हमें भारत सरकार से उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने के लिए कहना होगा। इससे भारत सरकार के लिए दुविधा की स्थिति पैदा होती है, मुझे लगता है कि भारत सरकार भी यह जानती है और वे इसका ध्यान भी रखेंगे।'



### शेख हसीना के खिलाफ हत्या के 2 नए मामले दर्ज

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के दौरान दो बीएनपी कार्यकर्ताओं सहित तीन लोगों की हत्या के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ दो नए हत्या के मामले दर्ज किए गए हैं। शुक्रवार को ढाका की अदालतों में दर्ज किए गए ये मामले शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में नए हैं। हिंसा भड़कने के बाद बीती 5 अगस्त को शेख हसीना इस्तीफा देकर देश से निकल गईं थी। उसके बाद से ही शेख हसीना के खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हो रहे हैं। नए मामलों के साथ ही शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या बढ़कर कुल 84 हो गई है। इनमें से 70 आरोप मानवता के खिलाफ अपराध की धाराओं में दर्ज किए गए हैं। वहीं आठ मामले नरसंहार के आरोप में, तीन मामले कथित अपहरण के मामले में दर्ज किए गए हैं।

### क्या है ताजा मामला

ताजा मामला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकर्ता मतिउर रहमान ने दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार, 4 अगस्त को साथी पार्टी कार्यकर्ताओं जुलकर हुसैन (38 वर्षीय) और अंजना (28) की हत्याओं को लेकर किशोरगंज में मामला दर्ज कराया गया है। शिकायत के अनुसार, छात्र आंदोलन और बीएनपी कार्यकर्ताओं के जुलूस पर आवामी लीग के नेताओं धारदार हथियारों से हमला किया। कुछ बीएनपी कार्यकर्ताओं ने पास के खोरमाप्टरी इलाके में एक जिला आवामी लीग नेता के घर में शरण ली, जहां उन्हें हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बंधक बना लिया और फिर आग लगा दी, जिससे हुसैन और अंजना की मौत हो गई। इस मामले में हसीना, पूर्व सड़क परिवहन और पुल मंत्री ओबैदुल कादर सहित 88 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

# बीएनपी नेता ने भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की, कहा- द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह जरूरी

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बांग्लादेश और भारत के बीच के रिश्तों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का नई दिल्ली में लगातार रहना दोनों देशों के संबंधों को खराब कर सकता है। इसलिए भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करना जरूरी है, जिसकी शुरूआत हसीना के प्रत्यर्पण से होनी चाहिए।




### पिछले मतभेदों को दूर करने के लिए तैयार

बीएनपी के दूसरे नंबर के नेता आलमगीर ने भारत के साथ मजबूत संबंधों के लिए अपनी पार्टी की इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वे पिछले मतभेदों को दूर करने और सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बीएनपी कभी भी बांग्लादेशी धरती पर ऐसी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देगी, जिससे भारत की सुरक्षा को खतरा हो। ढाका में रहने वाले आलमगीर ने कहा कि अगर बीएनपी सत्ता में आती है तो वह आवामी लीग शासन के दौरान हुए अदाणी बिजली सौदे की समीक्षा और पुनर्मूल्यांकन करेगी क्योंकि यह बांग्लादेश के लोगों पर काफी दबाव डाल रहा है।

**नई दिल्ली बांग्लादेशियों को समझने में नाकाम :** बीएनपी के महासचिव ने दावा किया कि बांग्लादेश के लोगों की मानसिकता को समझने में नाकाम रहना नई दिल्ली की कूटनीतिक विफलता है। उन्होंने कहा कि जनांदोलन और हसीना सरकार के गिरने के बाद भी भारत अभी तक बीएनपी से संपर्क नहीं कर पाया है, जबकि चीन, अमेरिका, ब्रिटेन और पाकिस्तान पहले ही ऐसा कर चुके हैं।

**अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एक आंतरिक मामला :** उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एक आंतरिक मामला है। हिंदुओं पर हुए हमलों की रिपोर्ट एक दम सटीक नहीं हैं क्योंकि अधिकांश घटनाएं सांप्रदायिक होने के बजाय राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, 'शेख हसीना को उनके और उनके शासन द्वारा किए गए सभी अपराधों और भ्रष्टाचार के लिए बांग्लादेश के कानून का सामना करना होगा। इसे पूरा करने और बांग्लादेश के लोगों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए भारत को उनकी वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए।'

### यह है पूरी घटना

गौरतलब है कि बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन शुरू होने के बाद शेख हसीना सरकार पर इन्हें खत्म करने के लिए सख्ती करने के आरोप हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान ही कई जगहों पर हिंसा हुई थी और सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। इन मामलों के बाद 5 अगस्त को जबरदस्त प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत रवाना हो गई थीं।



### रैली में ट्रंप ने किया बड़ा वादा

# 'भ्रष्टाचार रोकेंगे और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा करेंगे'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि वह सत्ता में आए तो महंगाई को काबू करेंगे और देश को और किफायती बनाएंगे। ट्रंप ने ये भी कहा कि वे भ्रष्टाचार को मिटाएंगे और अभिव्यक्ति की आजादी की भी रक्षा करेंगे। पेंसिल्वेनिया में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने ये बातें कही।

### ट्रंप ने अमेरिका को फिर से किफायती बनाने का वादा किया

रैली में ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा कि 'हम मुद्रास्फीति को हराएंगे और हम अमेरिका को फिर से किफायती बनाएंगे।

हम मिलकर अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने, अंतहीन विदेशी युद्धों को समाप्त करने और अमेरिका के कामकाजी लोगों की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं। हम सरकारी भ्रष्टाचार को हराने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बहाल करने और अमेरिका को फिर से स्वस्थ बनाने के लिए काम करेंगे।' अपनी भावी नीतियों पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि वह देश को दुनिया में एक प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देश बनाने की दिशा में काम करेंगे और देश में ऊर्जा की लागत में कमी लाएंगे, जिससे लोगों के घरों के बिल में 50 प्रतिशत की कमी आएगी।

### ग्रीन न्यू डील को खत्म करने का एलान

ट्रंप ने ग्रीन न्यू डील को खत्म करने और उन फंडों का इस्तेमाल अमेरिका के बुनियादी ढांचे के लिए करने की भी कसम खाई। उन्होंने कहा, 'हम बेकार और अनावश्यक खर्च में कटौती करेंगे और हम ग्रीन न्यू डील को समाप्त करेंगे और उस पैसे को सड़कों, पुलों, वास्तविक बुनियादी ढांचे और कर्ज चुकाने पर खर्च करेंगे, न कि नकली बुनियादी ढांचे पर, जिसने भारी मुद्रास्फीति पैदा की है और कोई लाभ नहीं हुआ है।'

### आईवीएफ को लेकर भी समर्थन दोहराया

ट्रंप ने कहा कि हमारे पैरों के नीचे किसी भी दूसरे देश से ज्यादा तरल सोना है। हम इसका इस्तेमाल अपने लोगों के लिए करों और ऊर्जा लागतों को कम करने में करेंगे। 12 महीनों में ही हम आपके ऊर्जा बिलों को आधा कर देंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने आईवीएफ के लिए भी अपना समर्थन दोहराया।

# ट्रंप के कार्यकाल में एनएसए रहे मैक्मास्टर का खुलासा 'आतंकियों के साथ मिली हुई है पाक की आईएसआई'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एच आर मैक्मास्टर ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) आतंकवादियों के साथ मिली हुई है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान व्हाइट हाउस को इस्लामाबाद को सुरक्षा सहायता रोकने को लेकर विदेश मंत्रालय और पेंटागन से विरोध का सामना करना पड़ा था।



**किताब एट वॉर विद अवरसेल्व्स में खुलासे :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) के रूप में अपने कार्यकाल का विवरण देते हुए मैक्मास्टर ने अपनी किताब ह्याएट वॉर विद अवरसेल्व्सह्ल में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने निर्देश दिया था कि जबतक पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना बंद नहीं कर देता, तब तक उसे दी जाने वाली सहायता रोक दी जाएं। इसके बावजूद, तत्कालीन रक्षा मंत्री जिम मैटिस इस्लामाबाद को सैन्य सहायता देने की योजना बना रहे थे, जिसमें 15 करोड़ डॉलर से ज्यादा के बख्तरबंद वाहन शामिल थे। हालांकि, उनके हस्तेक्षप के बाद सहायता रोक दी गई थी।

**ट्रंप के आदेश का पालन कराना था मुश्किल :** उन्होंने अपनी किताब में लिखा, 'ट्रंप के कुछ गतिविधियों को रोकने के निर्देशों का पालन करने के लिए राज्य और रक्षा को राजी करना भी मुश्किल था। मुझे पता चला कि दक्षिण एशिया रणनीति के विपरीत (जिसमें कुछ अपवादों के साथ पाकिस्तान को सभी सहायता को निलंबित करने की बात कही गई थी) मैटिस आने वाले हफ्तों में इस्लामाबाद का दौरा करने वाले हैं और एक सैन्य सहायता पैकेज का एलान करेंगे, जिसमें 15 करोड़ डॉलर से अधिक के बख्तरबंद वाहन शामिल थे।'

मैक्मास्टर ने कहा कि जैसे ही उन्हें इस बारे में पता चला उन्होंने मैटिस, सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी की उपनिदेशक जीना हास्पेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करने का फैसला लिया।

**कई बार पाकिस्तान को पैसा नहीं देने की बात ट्रंप ने कही थी :** उन्होंने कहा, 'मैंने इस बात पर गौर करते हुए अपनी बात शुरू की कि राष्ट्रपति ट्रंप कई मौकों पर पाकिस्तानियों को दी जाने वाली सहायता को रोकने के लिए बहुत स्पष्ट रहे हैं, जब तक कि वे अफगानिस्तान में अफगानों, अमेरिकियों और गठबंधन सदस्यों की हत्या करने वाले आतंकवादी संगठनों को समर्थन देना बंद नहीं कर देते। हम सभी ने ट्रंप को यह कहते सुना था कि वह नहीं चाहते कि पाकिस्तान को कोई पैसा जाए।'

# उड़ान के बाद रूस का एमआई-8टी हेलीकॉप्टर लापता, 22 लोग हैं सवार

**मास्को।** रूस में बड़े हादसे की खबर है। दरअसल रूस का एक हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान लापता हो गया है। हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। हेलीकॉप्टर जिस वक्त लापता हुआ, उस वक्त उसमें तीन क्रू के सदस्यों समेत कुल 22 लोग सवार थे।



### एमआई-8टी हेलीकॉप्टर का हादसों का रहा है इतिहास

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस के एमआई-8टी हेलीकॉप्टर ने शनिवार को रूस के पूर्वी इलाके में स्थित कामाचाटका पेनिसुला से उड़ान भरी थी। हेलीकॉप्टर में तीन क्रू सदस्यों समेत कुल 22 लोग सवार थे। रूस की संघीय हवाई यातायात एजेंसी ने बताया कि हेलीकॉप्टर वचकाझेट्स बेस से उड़ा था, लेकिन जब तय समय पर भी हेलीकॉप्टर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा, इसके बाद खोज अभियान चलाया गया है। एमआई-8टी एक दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है, जिसे साल 1960 में डिजाइन किया गया था।

रूस के अलावा कई अन्य देशों द्वारा भी इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इस हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का भी लंबा इतिहास है।

# दावा: 240 यात्रियों समेत 10 वर्ष पूर्व गायब मलयेशियाई विमान का मलबा मिला, वैज्ञानिक बोले- हिंद महासागर में है

**कुआलालंपुर।** 10 वर्ष पूर्व गायब हुई मलयेशियाई एयरलाइंस की उड़ान एमएच 370 का मलबा मिल गया है। तस्मानिया विवि के वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने इस विमान को ट्रेस कर लिया है।

विमान का मलबा दक्षिणी हिंद महासागर में पड़ा है। उल्लेखनीय है कि यात्रियों सहित इस विमान के लापता होने का रहस्य अभी तक सुलझ नहीं पाया है।

हालांकि मलयेशिया सरकार अथवा मलयेशिया एयरलाइंस ने फिलहाल इस संबंध में कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। दूसरी ओर तस्मानिआई वैज्ञानिकों का दावा है कि विमान महासागर में 6000 मीटर गहरे गड्ढे में तथा विमान का मलबा एक खाई में पड़ा है।

इस स्थान को उसी जगह के आसपास बताया जा रहा है जहां



**तस्मानिया विवि के वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने इस विमान को ट्रेस कर लिया है**

पायलट ने उड़ान भरने के तुरंत बाद सिम्युलेटर की दिशा बदली थी और विमान को गलत दिशा में मोड़ दिया था। इसके बाद विमान अचानक रडार से गायब हो गया।


बता दें, 8 मार्च 2014 की रात को मलयेशियाई एयरलाइंस ने कुआलालंपुर से बीजिंग के लिए उड़ान भरी थी। इस विमान में 240 यात्री सवार थे। उड़ान भरने के 40 मिनट बाद विमान दक्षिणी हिंद महासागर में गायब हो गया था। यह क्षेत्र वियतनामी हवाई सीमा में आता है।

# जापान में रक्षा खर्च वृद्धि को मंजूरी, चीन के बढ़ते खतरे से मुकाबला करने को रक्षा मंत्रालय का अहम फैसला

**टोक्यो/बीजिंग।** जापान के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को चीन के बढ़ते खतरे के खिलाफ दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों पर अपनी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए अगले साल के लिए रिकॉर्ड 8.5 खरब येन (59 अरब डॉलर) का बजट मंजूर करके वित्त मंत्रालय को भेजने का फैसला किया है। उसने सेवा सदस्यों की घटती संख्या की भरपाई के लिए मानव रहित हथियारों और एआई पर ध्यान केंद्रित किया है। यानी चीन से मुकाबले की तैयारी जारी है।

दिसंबर तक बातचीत के लिए वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत करने से पहले शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय की बैठक में बजट अनुरोध को मंजूरी दे दी गई।

जापान का लक्ष्य 2027 तक 43 खरब येन (297 अरब डॉलर) खर्च करने का है ताकि उसका वार्षिक सैन्य खर्च दोगुना होकर लगभग 10 खरब येन हो जाए।



इससे यह अमेरिका-चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च वाला देश हो जाएगा। चीन की गतिविधियों से जापान आशंकित है।

### चीन : कम्युनिस्ट पार्टी ने सदस्यों के लिए कड़े किए व्यवहार नियम

राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने करीब 10 लाख सदस्यों के आचरण पर पार्टी का नियंत्रण और मजबूत करने के लिए नियमों का नया सेट जारी किया है।

पार्टी अब अपने नियमों को अधिक सख्त करके अपने विश्वास, वफादारी और प्रदर्शन में पिछड़े समझे जाने वाले अक्षम सदस्यों को हटाना चाहती है। कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के जनरल कार्यालय ने ये नियम जारी किए गए।

# ब्राजील में सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' पर बैन

### शीर्ष कोर्ट की चेतावनी के बाद भी मस्क ने नियुक्त नहीं किया कानूनी प्रतिनिधि

**साओ पाउलो।** ब्राजील की शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स पर देश में रोक लगाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश तब आया है, जब एलन मस्क ने ब्राजील में कानूनी प्रतिनिधि का नाम बताने से इन्कार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने बुधवार रात मस्क को चेतावनी दी थी कि यदि एक्स ब्राजील में एक प्रतिनिधि को नामित करने के उनके आदेश का पालन करने में विफल रहे, तो देश में एक्स को बैन कर दिया जाएगा। ऐसा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 24 घंटे की समय सीमा निर्धारित की थी। इस महीने की शुरूआत से कंपनी का देश में कोई प्रतिनिधि नहीं है। आदेश की अवहेलना पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अख्तियार करते हुए एक्स पर देश में बैन लगा दिया।



अपने आदेश में, जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस डी मोरेस ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और एप स्टोरों को एक्स तक पहुंच को अवरुद्ध करने के लिए पांच दिन का समय दिया।

कहा कि जब तक यह उनके आदेशों का अनुपालन नहीं करता, तब तक प्लेटफॉर्म बैन रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग या कंपनियां एक्स तक पहुंचने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन का उपयोग करते हैं, उन पर 50,000 रियास ($8,900) का दैनिक जुमार्ना लगाया जाएगा।

### यह है मामला

गौरतलब है, मस्क के खिलाफ न्याय में बाधा डालने, आपराधिक संगठन और अपराध के लिए उकसाने के आरोपों को लेकर जांच चल रही है। इस साल की शुरूआत में जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने एक्स के कुछ अकाउंट को गलत सूचना और नफरत भरे संदेश फैलाने के आरोप में ब्लॉक करने का आदेश दिया था। इसमें ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनारो के समर्थकों से संबंधित कुछ खाते भी शामिल थे।


### मस्क का फूटा था गुस्सा

हालांकि, एलन मस्क की कंपनी एक्स ने हाल ही में ब्राजील में अपना संचालन तुरंत बंद करने की घोषणा की थी। कंपनी का कहना था कि यह कदम उसके कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

# आकाश गंगा में मिला हाइपरवेलोसिटी ऑब्जेक्ट दूसरी दुनिया में जा रहा, इसकी रफ्तार 447 किमी प्रति सेकंड

**वाशिंगटन।** हमारी आकाशगंगा में मिला हाइपरवेलोसिटी ऑब्जेक्ट अब बेहद तेज गति से अंतरिक्ष की दूसरी दुनिया में जा रहा है। लाल और पीले रंग के एक गोले की तरह दिखने वाला धुंधला से ऑब्जेक्ट हर सेकंड 447 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय कर रहा है। खास बात यह है कि यह बादलों के पूरे एक झुंड के साथ यात्रा कर रहा है।

हाइपरवेलोसिटी को नासा के सिटिजन साइंटिस्ट ने खोजा है। यह नासा के बैकयार्ड वर्ल्ड्सः प्लैनेट 9 प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसके तहत वो लोग जो विज्ञान की दुनिया से जुड़ना चाहते हैं, वो नासा से जुड़ते हैं और अंतरिक्ष में चीजें खोजते हैं। बैकयार्ड वर्ल्ड में नासा के वाइस मिशन की तस्वीरों का अध्ययन करते हैं। इसने पूरे अंतरिक्ष में साल 2009 से लेकर 2011 तक इंफ्रारेड नक्शा बनाया है।



इस मिशन को फिर से नियोवाइस के नाम से शुरू किया गया।

### छोटे तारे के खत्म होने के बराबर है द्रव्यमान

वैज्ञानिकों के मुताबिक, हाइपरवेलोसिटी का द्रव्यमान किसी छोटे तारे के खत्म होने बराबर है। इसके कोर में हाइड्रोजन भी नहीं है। इसलिए इसे भूरा बौना तारा भी नहीं कहा जा सकता है।

**आकाशगंगा के निर्माण के समय बना होगा :** बैकयार्ड प्रोजेक्ट के 9 वॉलंटियर्स ने मिलकर 4000 से ज्यादा भूरे बौने तारे खोजे थे। अनुमान लगाया जा सकता है कि ये हमारी आकाशगंगा के निर्माण के समय का बना हो सकता है, जो इतनी तेज गति से यात्रा कर रहा है। इसमें अन्य तारों की तुलना में अन्य धातु भी कम हैं। यह भी माना जा सकता है कि ये किसी सुपरनोवा के फटने के बाद निकला हुआ सफेद बौना तारा है। जो सुपरनोवा से बहुत ज्यादा पदार्थ लेकर बाहर आया।

### कुछ साल पहले ही मिला था हाइपरवेलोसिटी

कुछ साल पहले बैकयार्ड वर्ल्ड के सिटिजन साइंटिस्ट मार्टिन काबातनिक, थॉमस पी. बिकल और डैन केसेलडेन ने तेजी से भाग रहे हाइपरवेलोसिटी की खोज की थी। इसका नाम सीड्ब्ल्यूआईसीई जे124909.08+362116.0 रखा गया। इसके बाद धरती पर मौजूद टेलीस्कोप के जरिये इसकी जांच शुरू की गई। काबातनिक ने कहा कि जब यह खोजा गया तब हमारी जिज्ञासा अलग स्तर पर थी। लेकिन अब यह हमारी आकाशगंगा को छोड़कर जा रहा है। इसका मास बहुत कम है।




# भाजपा बृज विहार मंडल बूथ 266 पर बैठक में सदस्यता अभियान पर हुई चर्चा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा मंडल बृज विहार की ओर से सदस्यता अभियान को लेकर पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह व युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष बृज विहार सुधीर त्यागी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान के नियमित बूथ संख्या 266 पर मुख्य अतिथि महानगर महामंत्री व मंडल प्रभारी गोपाल अग्रवाल ने सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष व बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कार्यशाला में सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। महामंत्री व मंडल प्रभारी गोपाल अग्रवाल ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल नंबर लॉन्च किया जा रहा है और यह नंबर 2 सितंबर से शुरू किया जा रहा है। भाजपा परिवार से जुड़ने के लिए उपरोक्त नंबर पर मिस्ड कॉल करें। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को और भी व्यापक बनाना था। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने की अपील की और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यशाला में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभी ने आगामी चुनावों में भाजपा को और भी सशक्त बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की। यह कार्यशाला भाजपा के सदस्यता अभियान को और गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इन अवसर पर युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, महामंत्री आदित्य ढाका, अर्जुन तोमर, संदीप सयाल, रवि गौतम, बीनू गौतम, कामनी भदौरिया, इंदू भूषण त्यागी, मनोज चौधरी, सतीश बंसल, कृष्ण, टुनु, पूजा मेहरा, डॉ. बीएस त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने लाजपत नगर मंडल के सेक्टर 18 में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में 2 सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो रहा है। भाजपा पार्षद मदन राय ने बताया कि आगामी 2 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा की सदस्यता मिस कॉल के माध्यम से ग्रहण करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने सदस्यता हेतु जारी नंबर 8800002024 पर मिस कॉल करके आमजनों को भी भाजपा की सदस्यता एसएमएस द्वारा प्राप्त लिंक के माध्यम से अपनी जानकारी भरके ली जा सकेगी। पार्षद मदन राय ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो रहा है।

सभी बूथ अध्यक्षों को 200 का लक्ष्य दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर 11 से 17 सितंबर तक सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सदस्य बनाने हैं। सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी है। इस अवसर पर पार्षद मदन राय, विनोद गुप्ता, वार्ड अध्यक्ष मोहित कौशिक, रॉबिन यादव, विशाल शर्मा, पुनीत गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, बलिस्टर प्रसाद, राजीव, वेद प्रकाश चौधरी, डीके शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# नोएडा पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

## एक के पैर में लगी गोली, कांबिंग में दूसरा गिरफ्तार

**नोएडा।** वेयर हाउस में चोरी करने वाले बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी। उसके साथ कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी किए गए 30 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस गैंग के अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि थाना फेज-3 पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो बदमाश आने वाले है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को चैकिंग के रोका। लेकिन वो बाइक से भागने लगे। एक बदमाश तमंचा निकालकर पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। वही गिर गया।



पुलिस ने गिरफ्तार किया। बदमाश की पहचान पुष्पेंद्र के रूप में हुई। इसके साथी गोलू को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 30 मोबाइल फोन बरामद किए। ये मोबाइल फोन 23 अगस्त की रात को सेक्टर-69 वेअरहाउस से चोरी किए गए थे। बरामद की गई बा इक भी चोरी की है। थाना फेज-1 में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल पहुंचा दिया है।




# किस अधिकारी ने फिर संभाला पूरा मोर्चा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते कुछ दिनों से कई मामले बहुत हाईलाइट चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन मामलों की चर्चा दिल्ली से लेकर लखनऊ और कई प्रमुख पार्टियों के कार्यालयों तक हो रही है। इसी बीच सुनने में आया है कि कमिश्नरेट के एक आईपीएस अधिकारी की पुलिसिंग व वर्किंग की इन दिनों भगवागढ़ वालों के बीच भी टीआरपी हाई बताई जा रही है। सूत्र कह रहे हैं कि पहले सिटी जोन के एक थानाक्षेत्र में हुए हिंदूवादी संगठन का मामला पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी परेशानी बना था, तो उस मामले में भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मिस्टर भरोसेमंद कहे जाने वाले अधिकारी को शीर्ष अधिकारियों ने कमान सौंप दी थी। बताया जा रहा है कि रात भर फोर्स की व्यवस्था से लेकर सोर्स को खोजने का काम हुआ था। उन्होंने एक थाने के लिए रातभर जो तैयारी और प्रयास किया उसी का नतीजा था कि पूरा मामला शांतिपूर्वक निपट गया था। वहीं बीते दो दिनों से नदियापार के एक थाना क्षेत्र में जो पूरा हंगामा बरपा है उस मामले में भी कमिश्नरेट के



इन्हीं अधिकारी का दारोमदर और पूरा मोर्चा संभाले जाने की जानकारी निकल कर आ रही है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही दिन शीर्ष स्तर के ही यह आईपीएस अधिकारी मौके पर रहे। उनके द्वारा ही दोनों मामलों को हल करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। तो वही पूरे मामले की गंभीरता और कंटेंट को लेकर भी लगातार उनके प्रयास जारी रहे। स्थानीय लोगों से बातचीत हो या पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश देना रहा हो। प्रदर्शन करने वाले संगठनों से बातचीत करनी हो और उपद्रव करने वालों पर कठोर कार्रवाई वह उसमें भी पीछे नहीं हटे। बताया जा रहा है कि बीते एक महीने के दौरान दोनों यह ऐसे मामले रहे हैं, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्न चिन्ह ना उठ सके। तो इस अधिकारी ने जिम्मेदारी का लोड अपने कंधों पर लिया और संबंधित चार्ज न होने के बावजूद भी मैदान में रहकर जिम्मेदारी को संभाला है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों का कहना है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तमाम बिगड़ने वाले मामलों में मिस्टर भरोसेमंद को ही फील्ड पर उतारा जाता है। बीते दिनों देहात के एक दो पक्षों के बीच हुए हत्या वाले मामले में भी इसी आईपीएस अधिकारी ने मोर्चा संभालने का काम किया था।

# विश्व हिंदू परिषद ने की लिंक रोड में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना की निंदा

## अधिकारियों से कहा पूरे मामले में न्यायालय की गाइडलाइंस का हो पालन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लिंक रोड थानाक्षेत्र में किशोरी से हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर विश्व हिंदू। परिषद ने भी मोर्चा खोल दिया है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजा गया है। जिसमें इस पूरी घटना की निंदा करते हुए इस पूरे मामले में न्यायालय द्वारा जो गाइडलाइंस जारी की गई है, उसका पालन कराने की मांग की गई है। साथ ही महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता के बयान और उसके जांच को प्रमुखता के साथ कराए जाने की भी मांग की है। विश्व हिंदू परिषद वैशाली महानगर के महानगर अध्यक्ष, महानगर महामंत्री और महानगर संयोजक के साथ ही धर्म प्रचार प्रमुख ने भी इस पूरे मामले पर रोष जाहिर किया है।



### स्थानीय लोगों ने दिया एसीपी का सौंपा ज्ञापन, हटाई जाए कबाड़ी की दुकान

**करंट क्राइम।** लिंक रोड थानाक्षेत्र के लोगों ने एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय से मुलाकात की। जिसमें सभी ने एकमत से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करने पर सहमति व्यक्त की और पुलिस की ओर से पूरी तरह से निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह भी वादा किया कि जिस कबाड़ की दुकान में घटना हुई है, यह कभी भी दोबारा नहीं खोली जा साकेगी और किराए पर दी गई कोई भी कबाड़ी की दुकान शत प्रतिशत बंद की जाएगी। साथ ही एसीपी ने क्षेत्र के लोगों को शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह से बचने की अपील की। ज्ञापन सौंपने वाले लोगों में मुख्य रूप से पूनम त्यागी (पूर्व पार्षद), गीता सिंह, बॉबी त्यागी( व्यापार मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष), नरेन्द्र वर्मा (समाज सेवी), अजय त्यागी( आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डी ब्लॉक), सुभाष राणा (आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राधाकुंज), चरण सिंह भाटी, पुष्पेन्द्र कौशिक वरिष्ठ भाजपा नेता, राजेश चौधरी और आदित्य वर्मा मुख्य रूप से रहे।

### विश्व हिंदू परिषद ने कई विषयों को उठाया



**करंट क्राइम।** अधिकारियों को भेजे गए इस पत्र में विश्व हिंदू परिषद दे 6 मुख्य विषय उठाएं हैं। जिसमें दुष्कर्म का मामला होने के बावजूद भी उच्चतम न्यायालय द्वारा जो गाइडलाइंस हैं, उसका पालन नहीं किए जाने का आरोप लगाया है। साथ ही पीड़िता की पहचान को लेकर भी कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। साथ ही मेडिकल में भी देरी और अन्य वीडियो बनाए जाने और इस पूरे षडयंत्र में सहयोग करने वाले अन्य लोगों की गिरफ्तारी की मांग भी की है। साथ ही न्यायालय द्वारा जो गाइडलाइंस है, उसके तहत पालन न होने का भी आरोप भी लगाया गय है। इस पूरे मामले में महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा ही पीड़िता के बयान नोट और उसकी जांच में हिस्सा बनाए जाने की मांग की गई है।

# भारत विकास परिषद ने कराई भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम द्वारा भारत को जानो अंतरविघालय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमे सेंट फ्रांसिस, विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सीके माडल, स्कूल हैप्पी आवर्स अग्रवाल पब्लिक स्कूल के लगभग 800 बच्चों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग कक्षा 6 से 8 वरिष्ठ वर्ग 9 से 12 कक्षा के छात्रों ने अलग-अलग प्रश्न पत्रों के ऊतर ओ एमआर शीट में दी समान्य ज्ञान की इस परिक्षा में देश एवं विश्व के इतिहास भूगोल राजनीतिक सांस्कृतिक समाजिक धार्मिक विश्व पटल की तुरंत घटित घटनाओं से संबंधित चालीस प्रश्नों के ऊतर छात्रों ने दिए। कार्यक्रम संयोजिका आभा शर्मा ने बताया प्रेत्यक स्कूल से प्रेत्यक वर्ग के प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र अंतर स्कूल प्रतियोगिता जो कि लगभग 15 स्कूलो की अक्टूबर में होगी उसमें भाग लेंगे उन्होंने बताया मुख्य शाखा के प्रयत्न से लगभग 2650 बच्चै बहुत ही उत्साह से भाग ले रहे हैं। सुमित त्यागी ने इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं भारत को जानो की किताब की जानकारी जीवनपर्यंत उपयोगी साबित है।इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष विनिता वाजपेयी, महिला संयोजिका रिचा वालिया, सचिव रविन्द्र तिवारी, शाखा संरक्षक हेमंत वाजपेयी शाखा संयोजक अरूण शर्मा आदि मौजूद रहे।



# आईटीएस गाजियाबाद में कल होगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरंभ-2024' का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस मोहन नगर गाज़ियाबाद में 2 सितंबर, 2024 को एमबीए, सत्र (2024 -26) के प्रतिभागियों हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरंभ-2024' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल प्रमोद सहगल (सेवा निवृत्त) रक्षा विशेषज्ञ, मेजर जेनरल डॉ. दिलावर सिंह (सेवा निवृत्त) एवं इंडिपेंडेंट डायरेक्टर, टीएनआई ग्रुप इंटरनैशनल, मिस शैलजा तनेजा, फाउंडर डायरेक्टर, क्रिएटिव एक्सप्रेशन, अमिताभ सिन्हा, वाइस प्रेसिडेंट (एचआर, एडमिनिस्ट्रेशन एवं ऑपरेशंस), बिजनेस स्टैण्डर्ड, आई टी एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, आईटीएस गाजियाबाद के निदेशक डॉ. वीएन बाजपेई एवं एमबीए चेयरपर्सन डॉ. उमा गुलाटी ने मां सरस्वती के समक्ष विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान निदेशक डॉ . वी एन बाजपेई सभी विशिष्ट अतिथियों एवं नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत कर उन्हें संबोधित करेंगे, एमबीए की चेयरपर्सन डॉ. उमा गुलाटी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी और सभी अतिथिगण सत्र को क्रमशः संबोधित करेंगे। 7 सितंबर 2024 तक चलेगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरंभ-2024'।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में विधि के छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ में शुक्रवार को विधि के नए छात्रों के लिए 'ए जर्नी आफ लॉ स्टूडेंट फ्रॉम कैंपस टू कोर्ट' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. उर्मिला जाटव प्राचार्य सुंदरदीप कॉलेज आफ लॉ एवं डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह प्राचार्य सुंदरदीप कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड इनफार्मेशन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि व्याख्यान कॉलेज की ओर से आमंत्रित अतिथि प्रो. (डॉ.) सीमा यादव (गलगोटिया यूनिवर्सिटी) ने संबोधित किया जिसमें उन्होंने विधि के छात्रों को महाविद्यालय से विधि में अध्ययन के बाद न्यायालय में उसके क्रियान्वयन एवं उसमें आने वाली समस्याओं और समाधानों के विषय पर विस्तारपूर्वक छात्रों का मार्गदर्शन किया। व्याख्यान के उपरांत डॉक्टर उर्मिला जाटव ने अतिथि वक्ता एवं सभी उपस्थित श्रोताओं एवं कार्यक्रम में सहायक सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विभाग की सहायक प्रोफेसर सीमा चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं संस्थान के समस्त प्रवक्तागण शिप्रा, मो. इमरान, आकाश, वर्तिका एवं समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Neeraj Garg
Stories · 9h ·



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सर्वोदय अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर नीरज गर्ग का धर्म संस्कृति के प्रति समर्पित भाव है। वो सेवा सर्वोपरी भाव के साथ जीवन जीने की शैली का संदेश देते हैं। प्रभु श्री कृष्ण छठी महोत्सव में उन्होंने आस्था श्रद्धा भक्ति के साथ सेवा के संकल्प को भी दोहराया। डॉक्टर नीरज गर्ग की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।